राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्षः 11 अंकः 223 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, गुरूवार, 24 फरवरी 2022 मूल्यः 1.50/-

## मप्र की धरती पर हर गरीब के पास होगा पक्का मकानः शिवराज

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना जारी रहेगी, जिसके अंतर्गत जिनके पास रहने की जगह नहीं है, उन्हें प्लॉट देकर जमीन का मालिक बनाया जाएगा। हमने यह निर्णय भी किया है कि शहरों में जो अवैध कॉलोनियां हैं, उन्हें वैध कॉलोनियों में परिवर्तित किया जाएगा। हमारा संकल्प है कि मध्यप्रदेश की धरती पर किसी गरीब को पक्के मकान के बिना रहने नहीं देंगे। हर गरीब का पक्का मकान होगा। जिन्हें अब तक मकान नहीं मिला, वह चिंता न करें। हर दो-चार महीने में ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे और धीरे-धीरे सबके पक्के मकान बनवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान बुधवार को राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 26 हजार 500 हितग्राहियों के खातों में 250 करोड़ रुपये अंतरित किए। उन्होंने कार्यक्रम में 1925 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए 50 हजार आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया और 1155 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 30 हजार नवीन आवासों का भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने आवास योजना के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नगरों के लिए अनेक मंत्र दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हर नगर राज्य के विकास का चेहरा बनें। सभी के लिए जीना आसान हो। उन्हें गुणवत्तापूर्ण जीवन मिले। नगर का आकार बढ़े, लेकिन असमानता कम होनी चाहिए। गरीब से गरीब व्यक्ति भी आत्मसम्मान से रहे। उन्होंने कहा कि आज एक लाख छह हजार लोगों का सपना पूरा हो रहा है। इसके लिए चार हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश तब बनेगा, जब शहरी लोग खुशी से रहें। पहले शहरों में आवास के पट्टे दिए। अब मकान दे रहे हैं। कुछ लोग सवाल उठाते हैं। सरकार ने तय किया गरीब को पूरा हक देंगे। गरीब के राशन पर डाका डाला तो किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। सीधे जेल भेजेंगे। केंद्र और राज्य सरकार पैसे देती है। कोई बगैर मकान और न रहे। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश में भूमि का पट्टा देने का अभियान जारी रहेगा। अवैध कालोनी वैध कर दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि निकायों के स्वच्छता अभियान में सभी योगदान दें। संकल्प लें हमारा शहर स्वच्छ रहे। उन्होंने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि इस महानगर की जनता स्वच्छता अभियान से जुड़ गई है। इसीलिए इंदौर स्वच्छता के मामले में लगातार सिरमौर बना हुआ है। धर्मगुरु, गणमान्य नागरिक सहित सभी वर्गों से अपील की कि इस दिशा में काम करेंगे। चौहान ने कहा कि साल में एक दिन ग्राम, शहर, कस्बे का जन्मदिवस मनाओ। भोपाल में एक जून को जन्म दिवस मनाया। जिद, जुनून और जज्बे के बगैर कोई शहर, गांव आगे नहीं बढ़ सकता है।

### उप्र में चतुर्थ चरण का मतदान खत्म

# 624 उम्मीदवारों के भाग्य ईवीएम में बंद

**पांच बजे तक 57.45 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग**

**चौथे चरण में लखनऊ समेत नौ जिलों की 59 सीटों पर हुआ मतदान**

**खीरी में सर्वाधिक 62.42, उन्नाव में सबसे कम 54.05 प्रतिशत पड़े वोट**

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के चुनाव में चतुर्थ चरण के नौ जिलों की 59 सीटों पर बुधवार को मतदान सम्पन्न हुआ। शाम पांच बजे तक औसतन 57.45 प्रतिशत मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि चतुर्थ चरण का मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। कहीं से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शाम पांच बजे तक मिले आंकड़े के अनुसार सबसे अधिक 62.42 प्रतिशत वोट खीरी में पड़े, जबकि सबसे कम 54.05 प्रतिशत मतदाताओं ने उन्नाव जिले में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा पीलीभीत में 61.33, सीतापुर में 58.39, हरदोई में 55.29, लखनऊ में 55.08, रायबरेली में 58.40, बांदा में 57.54 और फतेहपुर में 57.02 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि जो लोग मतदान की अवधि समाप्ति यानी छह बजे तक मतदान केंद्रों पर पहुंच गये हैं, समय समाप्त होने के बाद भी उन्हें वोट डालने का अवसर मिलेगा। ऐसे में वोट का प्रतिशत बढ़ भी सकता है।

18वीं विधानसभा के चुनाव में चतुर्थ चरण के नौ जिलों की 59 सीटों पर आज सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ। प्रारम्भ में ठंड के चलते मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ कम दिखी। सुबह नौ बजे तक औसतन 09.10 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जैसे ही धूप चटक हुई मतदाताओं की संख्या मतदान केंद्रों पर बढ़ने लगी नतीजतन 11 बजे तक मतदान का प्रतिशत 22.62 फिर अपराह्न एक बजे तक 37.45, अपराह्न तीन बजे तक 49.89 और पांच बजे तक 57.45 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार छिटपुट घटनाओं को छोड़कर चतुर्थ चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि प्रारम्भ में कुछ मतदान केंद्रों से इलेक्ट्रॉनिक



वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खराब होने की शिकायत मिली, जिनका तत्काल समाधान किया गया। चतुर्थ चरण के चुनाव में कई दिग्गजों और 91 महिला समेत 624 उम्मीदवारों के भाग्य आज ईवीएम में कैद हो गए। दिग्गज प्रत्याशियों में प्रदेश के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ कैंट से भाजपा उम्मीदवार हैं। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, प्रवर्तन निदेशालय से नौकरी छोड़कर भाजपा में आए राजेश्वर सिंह, सपा सरकार में मंत्री रहे अभिषेक मिश्रा और रविदास मल्होत्रा भी लखनऊ के विभिन्न सीटों से चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा उप्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल हरदोई से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। 1712 सेक्टर और 210 जोनल मजिस्ट्रेट रहे तैनात मुख्य निर्वाचन अधिकारी शुक्ला के अनुसार चतुर्थ चरण के मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए चुनाव आयोग द्वारा 57 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक तथा 18 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे। इसके अलावा 1712 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 210 जोनल मजिस्ट्रेट, 105 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 3110 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। मतदान पर पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। चतुर्थ चरण के मतदान में 2.13 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.14 करोड़ पुरुष, 99.3 लाख महिला और 966 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इस चरण में मतदान के लिए 13,817 मतदान केंद्र और 24,643 मतदेय स्थल बनाये गए थे। इनमें 874 आदर्श मतदान केंद्र तथा 142 समस्त महिला कर्मी मतदेय स्थल थे। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए कुल 1,15,725 मतदान कार्मिक लगाये गए।

कोविड प्रोटोकाल के तहत हुआ मतदान शुक्ला ने बताया कि कोविड-19 के दृष्टिगत मतदान के समय मतदेय स्थलों पर थर्मल स्कैनर, हैंड सैनीटाइजर, ग्लव्स, फ़ेस मास्क, फ़ेस शील्ड, पीपीई किट, साबुन, पानी आदि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की गई थी। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर गाइड का भी वितरण किया गया था। इसमें कोविड-19 से सम्बन्धित डूज एंड डोंट्स का भी उल्लेख किया गया है। सभी मतदेय स्थलों पर रैम्प, शौचालय तथा पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध रही। मतदान की अवधि में सभी बीएलओ को निर्देश दिये गये थे कि वे मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। ये हैं चतुर्थ चरण के नौ जिलेपीलीभीत, खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बांदा एवं फतेहपुर जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में चतुर्थ चरण का मतदान आज सम्पन्न हुआ।

चतुर्थ चरण की सीटें इस चरण में पीलीभीत, बरखेड़ा, पूरनपुर (अजा), बीसलपुर, पलिया, निघासन, गोला गोकरननाथ, श्रीनगर (अजा), धौरहरा, लखीमपुर, कस्ता (अजा), मोहम्मदी, महोली, सीतापुर, हरगांव (अजा), लहरपुर, बिसवां, सेवता, महमूदाबाद, सिधौली (अजा), मिश्रिख (अजा), सवायजपुर, शाहाबाद, हरदोई, गोपामऊ (अजा), साण्डी (अजा), बिलग्राम-मल्लांवा, बालामऊ (अजा), सण्डीला, बांगरमऊ, सफीपुर (अजा), मोहन (अजा), उन्नाव, भगवन्तनगर, पुरवा, मलिहाबाद (अजा), बक्शी का तालाब, सरोजनीनगर, लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तर, लखनऊ पूर्व, लखनऊ मध्य, लखनऊ कैन्टोनमेंट, मोहनलालगंज (अजा), बछरांवा (अजा), हरचन्दपुर, रायबरेली, सरेनी, ऊंचाहार, तिंदवारी, बबेरू, नरैनी (अजा), बांदा, जहानाबाद, बिन्दकी, फतेहपुर, अयाहशाह, हुसैनगंज एवं खागा (अजा) विधानसभा सीटें हैं।

# योगी सरकार में कायम हुआ कानून का राज : अनुप्रिया पटेल

संवाददाता

प्रतापगढ़। जिले के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बुधवार को पहुंचीं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने भाजपा-अपना दल (एस) गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने की अपील की है। पटेल ने कहा कि शोषितों, वंचितों, निर्बल को मुख्यधारा में जोड़कर देश में मोदी एवं प्रदेश में योगी ने एनडीए शासनकाल में विकास की रफ्तार को तेजी से आगे बढ़ाया है। आने वाले 10 मार्च को एक बार फिर से एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने जा रहा है। अनुप्रिया पटेल ने रानीगंज की जनसभा में कहा कि गठबंधन की तरफ से धीरज ओझा को प्रत्याशी बनाया गया है। जो 2017 में विधायक चुने गए। 2022 में दोबारा जिताकर विधानसभा भेजिए, सभी काम पूरे किए जाएंगे। पटेल ने सपा गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि वर्ष



2017 के पहले अखिलेश राज में लोग बिजली के लिए तरसते थे, लेकिन अब योगी राज में 20 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यूपी में सुरक्षित वातावरण दिया है। भाजपा-नीत राजग सरकार ने पांच वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का कार्य किया है। प्रदेश सरकार ने हाई-वे, एक्सप्रेस-वे के साथ हर शहर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और सर्वोत्तम स्वास्थ्य चिकित्सा की व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। महिलाओं की गरिमा को सर्वोच्च रखते हुए घर में शौचालय बनाया गया, करोड़ों गरीबों को मकान मिला। अब गरीबों का पैसा सीधे उनके खाते में पहुंचता है। बीच में दलाली समाप्त हुई है।रानीगंज से सपा उम्मीदवार पर तंज कसते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जो आज साइकिल से चुनाव लड़ रहे हैं कभी अपना दल के सामने आकर गिड़गिड़ाए थे और अपना दल ने इनको दो बार विधायक बनाने का काम किया, लेकिन वह लगातार पीठ में खंजर घोंपने का काम करते रहे। प्रतापगढ़ जिले से अपना दल के संस्थापक हमारे पिता डॉक्टर सोनेलाल पटेल का बहुत ही गहरा नाता रहा है। प्रतापगढ़ जिले से ही अपना दल का पहला विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचा। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में सारी आधारभूत सुविधाएं मेट्रो हो, पानी हो, बिजली हो, कानून का राज हो सब कायम है। उन्होंने कहा कि रोजगार तभी मिलता है जब निवेश आता है, निवेश तब आता है जब कानून का राज होता है।

कानून का राज है इसलिए विकास हो रहा है और नौजवानों को रोजगार भी मिल रहा है।

## उप्र चुनाव : परिवारवादी अपने महल बनाते थे, हमने गरीबों के घर बनाये : मोदी

कौशांबी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला करते हुये उस पर आतंकी और माफिया तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'घोर परिवारवादियों' के शासन के दौरान उत्तर प्रदेश में एक के बाद एक आतंकी हमले हुए। इन हमलों के दोषियों की कड़ी सजा दिलाने की बजाय सपा सरकार ने उनकी रिहाई के लिए जमीन आसमान एक कर दिया। सपा पर हमलावर होते हुये मोदी ने कहा कि वे लोग अपने महल बनाते रहे, जबकि हमने गरीबों के घर बनाये।

उत्तर प्रदेश के कौशांबी में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निशाने पर अव्वल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव रहे। हालांकि वे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस पर भी निशाना साधने से नहीं चूके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट में जो लोग शामिल थे, ऐसे आतंकियों को अभी हाल ही में फांसी की सजा सुनाई गई है। निर्दोष लोगों को मारने वालों को कानून से सजा मिलनी चाहिए। उन आतंकियों को सजा हुई, जनता को अच्छा लगा। लेकिन इन घोर परिवारवादियों में से किसी ने भी देशहित से जुड़े इतने महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत तक नहीं किया। उनके मुंह पर ताले लग गए। ये चुप क्यों हैं? मोदी ने अखिलेश यादव पर हमला



तेज करते हुए कहा कि ये लोग आतंक के सामने आंख पर पट्टी बांधकर बैठ जाने वाले लोग हैं। देशहित को दांव पर रखकर वोट खोजते रहते हैं, इसलिए आतंक को कभी खत्म नहीं कर सकते।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अखिलेश यादव को माफियाओं से इतना प्रेम है कि आधे जेल से चुनाव लड़ रहे हैं और इनकी तरफदारी करने वाले बेल पर चुनाव लड़ रहे हैं। पांच साल पहले आजम खान, मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद दनदनाते थे। कानून वही था, व्यक्ति वही था, मुजरिम भी वही था। बस फर्क इतना था कि उस समय अखिलेश सरकार थी तो ये दनदनाते थे। आज उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है, तो तीनों लोग जेल में गुल्ली-डंडा खेल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सपा सरकार में कानून व्यवस्था बदहाल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि घोर परिवारवादियों का इतिहास गवाह है कि इन लोगों के हाथ में कभी प्रदेश की सुरक्षा नहीं दी जा सकती।

# समाजवादी पार्टी का हाथ आतंकवादियों के साथ : मुख्यमंत्री

संवाददाता

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले के पट्टी में विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। पट्टी से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह के समर्थन में उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का हाथ आतंकवादियों के साथ रहता है। नाम समाजवादी, काम आतंकवादी और प्रदेश में दंगा कराना, कर्फ्यू लगाना, भय व्याप्त करना यही समाजवादी पार्टी का कार्य रहा है। हमारी सरकार विकास की सोच स्पष्ट करती है, सरकार का मतलब समाधान होता है। दमदार सरकार की आवश्यकता है, इसके लिए मोती सिंह को चुनाव जीतना आवश्यक है।

योगी ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बबुआ की सरकार आई थी तो इसने पहला काम किया कि जिन आतंकवादियों ने अयोध्या की राम जन्म भूमि पर हमला किया था, जिन्होंने काशी संकट मोचन मंदिर पर हमला किया था जहां 28 निर्दोष लोग मारे गए थे समाजवादी पार्टी सरकार इन आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने का काम करती है। गोरखपुर, कानपुर, बिजनौर में सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे, उन मुकदमों को वापस लेने का कार्य सपा सरकार ने किया था। रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर जो हमला हुआ था उस मुकदमे को भी समाजवादी पार्टी सरकार ने वापस लेने का कार्य किया। जिस सीरियल ब्लास्ट में 56 लोग मारे गए थे। कोर्ट का बड़ा फैसला आया कि 38 आतंकवादियों को फांसी की सजा दी गई है और 11 को आजीवन कारावास की सजा



दी गई है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय प्रदेश में लगातार सांप्रदायिक दंगे होते रहे। बसपा सरकार में सांप्रदायिक दंगे हुए। भारतीय जनता पार्टी के 5 वर्ष के कार्यकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। पहले जहां कर्फ्यू लगता था आज वहां कावड़ यात्रा निकल रही है, जहां बमबाजी होती थी आज वहां पर हर हर बम बम का नारा लगाते हुए शिवभक्त निकलते हैं। यही है नए भारत का नया उत्तर प्रदेश।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार ने दिव्यांगों की पेंशन रोक दी थी। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में एक करोड़ दिव्यांग जनों को और एक करोड़ विधवा महिलाओं को 12000 सालाना पेंशन देने का कार्य कर रही है। कोरोना वैक्सीन का ही प्रभाव है कि तीसरी वेब नहीं आई। कोरोना कब आया और कब चला गया पता ही नहीं चला। कोरोना को वैक्सीन ने नियंत्रित किया है। लोग वैक्सीन को लेकर भी तो प्रचार करते थे। फ्री में सबको वैक्सीन दी गई राशन का डबल डोज सभी को मिल रहा है। पहले मोहर्रम में बिजली दी जाती थी, होली और दिवाली पर बिजली गायब रहती थी। आज सबको बिजली पर्याप्त मात्रा में 22 से 24 घंटे मिल रही है। 2017 के पहले बिजली नहीं मिलती थी गरीबों को फ्री में बिजली का कनेक्शन दिया गया। योगी ने कहा कि 2017 में हमारी सरकार बनने के बाद हमने पहला काम किया कि अन्नदाता किसानों के ऋण को माफ किया और प्रतापगढ़ जिले में 58,000 से अधिक एवं उत्तर प्रदेश में 86 लाख से अधिक किसानों का कर्ज माफ किया गया। वर्तमान में 5,64,000 से अधिक किसानों को 6000 रूपये सालाना दिया जा रहा है। बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार ने एंटी रोमियो टीम का गठन किया।

हमने गौमाता को काटने नहीं दिया और अन्नदाता की फसलों को नष्ट नहीं होने देंगे। हमने प्रदेश में सरकार बनने के 24 घंटे के अंदर बूचड़खाने को बंद किया। सरकार ने तय किया है कि वर्तमान में हम एक करोड़ नौजवानों को स्मार्टफोन दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग से शिकायत किया कि स्मार्ट फोन और लैपटॉप का वितरण नहीं होना चाहिए। हम कहते हैं कि आज हम एक करोड़ टेबलेट और स्मार्टफोन दे रहे हैं चुनाव बाद हम दो करोड़ देंगे। 60 वर्ष से अधिक हर माता और बहनों को परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा कराई जाएगी, स्कूटी हम फ्री में उपलब्ध कराएंगे। विपक्ष परेशान है कि पैसा कहां से आ रहा है हम कह रहे हैं कि अभी तो यह झलक है, बाकी चीजें होना अभी बहुत कुछ बाकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाना है। हम दो काम करते हैं हमारा बुलडोजर केवल हाईवे और एक्सप्रेस हुए ही नहीं बनाता हमारा बुलडोजर और भी काम करता है। हमने बुंदेलखंड को डकैतों से मुक्त कर दिया है। आज बुंदेलखंड में कोई भी डकैत नहीं बचा है यह बुलडोजर का कमाल है। पैसा विकास के लिए भी और गरीब कल्याण के लिए भी हमारा बुलडोजर ही पर्याप्त है। यह बुलडोजर अवैध कमाई को निकालता है।

## हवाई में हेलीकॉप्टर क्रैश, 4 लोगों की मौत

होनोलूलू। अमेरिका में हवाई के कोआई द्वीप में मंगलवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी नौसना ने यह जानकारी दी। 'पैसिफिक मिसाइल रेंज फैसिलिटी ने बताया



कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई है। 'पैसिफिक मिसाइल रेंज फैसिलिटी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि हेलीकॉप्टर क्रोमैन कोर से रवाना हुआ था और प्रशिक्षण अभियान में सहयोग कर रहा था। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने ट्वीट किया कि एजेंसी सिकोरस्की एस-61 एन हेलीकॉप्टर हादसे की जांच कर रही है।

## यूक्रेन सरकार और बैंकों की वेबसाइट पर साइबर हमला

बोस्टन। यूक्रेन की सरकार तथा बैंकों की वेबसाइट पर एक और साइबर हमला किया गया, जिससे वेबसाइट ऑफलाइन हो गईं। इन वेबसाइट पर जो हमला किया गया, उसे तकनीकी भाषा में 'डिस्ट्रिब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमला कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि किसी सर्वर को लक्षित कर उस पर इंटरनेट डेटा की बाढ़ कर देना, ताकि सामान्य तौर पर आने वाला डेटा बाधित हो जाए।

यूक्रेन पर हुए साइबर हमलों में बुधवार को जिन वेबसाइट को निशाना बनाया गया, उनमें रक्षा, विदेश एवं गृह मंत्रालयों की वेबसाइट के अलावा देश के सबसे बड़े वाणियिक बैंक 'प्राइवेटबैंक की वेबसाइट भी शामिल है। इनमें से अधिकतर वेबसाइट पर 13-14 फरवरी को भी इसी प्रकार के हमले किए गए थे, जिनके लिए अमेरिका और ब्रिटेन सरकारों ने रूस की जीआरयू सैन्य खुफिया एजेंसी को दोषी ठहराया था।

## जापान के सम्राट 62 वर्ष के हुए, महामारी से पैदा हुई चुनौतियों से उबरने की उम्मीद जताई

टोक्यो। जापान के सम्राट नारुहितो ने बुधवार को अपना 62 वां जन्म दिन मनाया। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से कोविड महामारी द्वारा पैदा की गई चुनौतियों से उबरने की उम्मीद कायम रखने की अपील की।

उन्होंने अपने जन्म दिन से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा , ''मुश्किल समय जारी है लेकिन मुझे पक्का यकीन है कि यह संभव है कि एक दूसरे को संयम दिलाते हुए, एक दूसरे का दुख-दर्द बांटते हुए और एक दूसरे का सहयोग करने की कोशिश कर हम इस स्थिति से उबर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जन्म दिन पर महल से लोगों को उनका अभिवादन महामारी के चलते लगातार तीसरे वर्ष रद्द कर दिया गया।

## जंग के खतरे के बीच रूस का एक्शन, यूक्रेन से अपने राजनयिक कर्मचारियों को निकालना शुरू किया

कीव। रूस की सरकार संचालित समाचार एजेंसी तास ने बुधवार को कहा कि मॉस्को ने यूक्रेन स्थित अपने सभी राजनयिक प्रतिष्ठानों से कर्मियों को निकालना शुरू कर दिया है। मॉस्को का कीव में दूतावास है और खार्किव, ओडेसा तथा ल्वीव में वाणिय दूतावास हैं। तास की खबर में कहा गया है कि कीव में दूतावास ने पुष्टि की है कि निकासी शुरू हो गई है। वहीं, कीव में एसोसिएटेड प्रेस के एक फोटो पत्रकार ने देखा कि अब कीव में दूतावास भवन पर झंडा नहीं लहरा रहा। यूक्रेन ने भी अपने नागरिकों से रूस छोड़ने का आग्रह किया। रूस के साथ यूक्रेन मुद्दे पर बढ़ते तनाव के बीच शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने अपने रूसी समकक्ष के साथ बैठक रद्द कर दी और कीव ने रूस से अपने राजदूत को वापस बुला लिया तथा मॉस्को के साथ सभी राजनयिक संबंध तोड़ने पर विचार किया।

हफ्तों तक शांत रहने की कोशिश के बाद, यूक्रेनी अधिकारियों ने बुधवार को बढ़ती चिंता का संकेत दिया। तेजी से बिगड़ती स्थिति के बीच यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के प्रमुख ने राष्ट्रव्यापी आपातकाल की स्थिति का आह्वान किया।

## चीन अब समलैंगिकों को बना रहा निशाना, LGBT डेटिंग ऐप ग्रिंडर पर लगाया प्रतिबंध

बीजिंग। चीन ने सबसे लोकप्रिय समलैंगिक डेटिंग ऐप में से एक ग्रिंडर को अपने कई ऐप स्टोर से हटा दिया है। कनाडा स्थित एक अधिकार और सुरक्षा समूह थिंकटैंक इंटरनेशनल फोरम ने बताया यह एप एलजीबीटी समुदाय के मूल अधिकारों को लेकर आवाज उठा रहा था। ऐप्स पर प्रतिबंध लगाना एकमात्र तरीका नहीं है जिससे चीन एलजीबीटी अधिकारों को वापस लेने की कोशिश कर रहा है, देश ने फिल्मों में समलैंगिक रोमांस के चित्रण पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले साल, प्रमुख LGBT अधिकार समूहों से संबंधित सोशल मीडिया खातों को लोकप्रिय वीचैट ऐप से ब्लॉक कर दिया गया था।

थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली सरकार ऑनलाइन अफवाहों, अश्लील साहित्य, अंधविश्वासों को नियंत्रित करने के आड़ में इन सभी गतिविधियों को अंजाम दे रही है। ढ्ढ्ढ्ढ के अनुसार ग्रिंडर समलैंगिक, द्वि और अन्य क्वीर वर्गों के लिए एक स्थान-आधारित सोशल नेटवर्किंग और ऑनलाइन डेटिंग ऐप है। यह समलैंगिक व्यक्तियों के लिए पहले भू-सामाजिक ऐप में से एक ऐप है जो को 2009 में लॉन्च किया गया था और यह विश्व स्तर पर सबसे लोकप्रिय समलैंगिक डेटिंग ऐप में से एक बन गया है। हालांकि चीन ने 1997 में समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया, लेकिन समलैंगिक विवाह अवैध है और एलजीबीटी मुद्दे वर्जित हैं। चीन ने संयुक्त राष्ट्र में समलैंगिक अधिकारों के लिए भी समर्थन व्यक्त किया है, हालांकि यह समान-विवाह को मान्यता नहीं देता है और नियमित रूप से ऐसे लोगों की विशेषता वाले मीडिया को सेंसर करता है।

2017 में इसी तरह की एक कड़ी में चीनी सरकार ने अश्लील सामग्री की मेजबानी करने का आरोप लगाते हुए एक और समलैंगिक डेटिंग ऐप, ज़ैंक को बंद कर दिया था। इसके अलावा, तेजी से चुनौतीपूर्ण व्यापार और कानूनी माहौल का हवाला देते हुए, कई शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने चीन में अपना कारोबार बंद कर दिया है।

## नेपाल में भारतीय दूतावास ने मनाया 74वां सेना दिवस

काठमांडू। नेपाल में भारतीय दूतावास की रक्षा शाखा ने रविवार को 74वां भारतीय सेना दिवस मनाया जिसमें नेपाल सेना प्रमुख जनरल प्रभु राम शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख, अन्य सेवारत और सेवानिवृत्त सेना अधिकारी, राजनयिक समुदाय के अधिकारी, सरकार के अधिकारी व थिंक टैंक और प्रेस कोर के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नेपाल में भारत के राजदूत, विनय मोहन क्वात्रा ने भारतीय सेना और नेपाली सेना के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को याद किया व कहा कि दोनों देशों को भ्रातृ संबंधों के एक मजबूत बंधन में बांध दिया है। भारतीय सेना में गोरखा सैनिकों की निस्वार्थ सेवा और बलिदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने नेपाल में रहने वाले पेंशनभोगियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। क्वात्रा ने दिवंगत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत को भी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने 8 दिसंबर, 2021 को एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में अपनी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य रैंकों के साथ जान गंवा दी थी।

# यूक्रेन विवाद को लेकर रूस पर लगे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध

इंटरनेशनल डेस्कः रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा विवाद अब चरम पर पहुंच गया है भयंकर रूप लेता जा रहा है। दरअसल, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पूर्वी यूक्रेन के डोनेत्स्क और लुगंस्क को अलग देश के रूप में मान्यता दे दी जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इस बीच अमेरिका एक्शन में आ गया है और ब्रिटेन सहित कई देशों ने रूस पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी आज यूक्रेन मसले पर मीटिंग हुई।



### जापान ने की प्रतिबंधों की घोषणा

जापान के प्रधानमंत्री ने रूस तथा यूक्रेन के उन दो अलगाववादी क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिनकी स्वतंत्रता को रूस ने मान्यता दे दी । इसी के साथ वह रूस पर कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटने का दबाव बनाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में शामिल हो गए हैं। प्रधानमंत्री फुमियो कुशिदा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ''यूक्रेन में रूस द्वारा की जा रही कार्रवाई के जवाब में जापान में रूसी सरकार के बॉन्ड को जारी करने तथा इसके वितरण पर प्रतिबंध लगाएगी।

उन्होंने कहा कि जापान यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों से जुड़े लोगों को वीजा जारी करने पर भी रोक लगाएगा, अपने यहां उनकी संपत्तियां जब्त करेगा तथा दो इलाकों के साथ व्यापार पर प्रतिबंध लगाएगा। किशिदा ने यूक्रेन की संप्रभुत्ता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के लिए रूस की ''कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, ''हम रूस से इस घटनाक्रम को हल करने के लिए कूटनीतिक प्रक्रिया पर लौटने का अनुरोध करते हैं।

### यूक्रेन पर बाइडेन और पुतिन के बीच बढ़ा गतिरोध

रूसी संसद द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को देश से बाहर सेना के प्रयोग की अनुमति देने के बाद मंगलवार को यूक्रेन के मुद्दे पर मॉस्को और पश्चिमी देशों के बीच गतिरोध बढ़ गया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और यूरोपीय नेताओं ने इसके जवाब में रूस के बड़े व्यवसायियों और बैंकों पर प्रतिबंध लगा दिए। बाइडन और पुतिन ने संकेत दिया है कि यह गतिरोध आगे और बढ़ सकता है। पुतिन, यूक्रेन पर डेढ़ लाख सैनिकों के साथ हमला करने को तैयार हैं और बाइडेन ने अभी तक रूस को आर्थिक रूप से अधिक नुकसान पहुंचाने वाले प्रतिबंध नहीं लगाए हैं। अमेरिी राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर हमला होता है तो पाबंदियां लगाई जाएंगी।

### ऑस्ट्रेलिया ने पुतिन के शीर्ष सुरक्षा सलाहकारों पर कसा शिकंजा

रूस के यूक्रेन पर ÷अनुचित, अकारण, अस्वीकार्य÷ आक्रमण के बाद ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शीर्ष सुरक्षा सलाहकारों में से आठ पर प्रतिबंधों की घोषणा की। यूक्रेन के पूर्व में क्रेमलिन समर्थित स्टेटलेट्स में सैनिकों को आदेश देने के पुतिन के फैसले की आलोचना करते हुए, प्रधान मंत्री स्कॉट मॉरिसन ने प्रतिबंधों की घोषणा की है।

### अभी पूर्ण सैन्य लामबंदी की जरूरत नहीं: यूक्रेन

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार रात घोषणा की कि रूस के आक्रमण करने की आशंका के चलते वह देश के कुछ आरक्षित सैनिकों को तैनाती के लिए बुला रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पूर्ण सैन्य लामबंदी की अभी कोई आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रपति ने राष्ट्र को एक वीडियो के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि उनका आदेश केवल तथाकथित रिज़र्व सैनिकों पर लागू होता है, जो आम तौर पर संकट के समय सक्रिय हो जाते हैं और '' एक निश्चित समय के लिए सक्रिय रहते हैं। जेलेंस्की ने इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा, '' अभी पूर्ण सैन्य लामबंदी की जरूरत नहीं है। हमें यूक्रेन की सेना और अन्य सैन्य संरचनाओं में अतिरिक्त सैनिकों को शामिल करने की जरूरत है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों में लगभग 250,000 सैनिक हैं और 140,000 सैनिकों को 'रिज़र्व (तैनाती के लिए तैयार) में रखा गया हैं।

### सबसे बड़े वैश्विक शांति एवं सुरक्षा संकट का सामना कर रही दुनिया : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि दुनिया ''हाल के वर्षों में सबसे बड़े वैश्विक शांति एवं सुरक्षा संकट का सामना कर रही है और उन्होंने पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी इलाकों की तथाकथित ''स्वतंत्रता को रूस द्वारा मान्यता देने को उसकी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन बताया तथा मॉस्को पर ''शांतिरक्षा की अवधारणा को विकृत करने का आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि उन्हें दूरदराज के इलाकों में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षकों की उपलब्धियों पर गर्व है लेकिन जब एक देश की सेना दूसरे देश की मर्जी के बिना उसके क्षेत्र में घुसती है, जैसा कि रूसी सेना ने किया है, तो ''वे निष्पक्ष शांतिदूत नहीं हैं।

### सैकड़ों और सैनिकों को पूर्वी यूरोप में भेज रहा कनाडा

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा सैकड़ों और सैनिकों को पूर्वी यूरोप में भेज रहा है तथा रूस पर नए प्रतिबंध लगा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कनाडाई सशस्त्र बलों के 460 अतिरिक्त सैनिकों को लातविया और आसपास के क्षेत्र में भेजा जा रहा है।

### अमेरिका के विदेश मंत्री ने बैठक रद्द की

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि रूस द्वारा यूक्रेन के अलगाववादी क्षेत्रों को स्वतंत्र क्षेत्र के तौर पर मान्यता देने के बाद उन्होंने जिनेवा में अपने रूसी समकक्ष के साथ होने वाली बैठक रद्द कर दी है। ब्लिंकन ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि रूस की कार्रवाई दर्शाती है कि वह मौजूदा संकट के समाधान के वास्ते कूटनीतिक रास्ता अपनाने को लेकर गंभीर नहीं है। इसलिए उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बृहस्पतिवार को होने वाली बैठक रद्द कर दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को घोषणा की कि अमेरिका रूसी बैंकों और कुलीन वर्गों के खिलाफ कड़े वित्तीय प्रतिबंध लगाने के आदेश दे रहा है।

### जर्मनी ने सैनिकों को तैनात करने के रूस के कदम की कड़ी निंदा की

जर्मनी की विदेश मंत्री एनालिना बियरबॉक ने जी-7 देशों के आह्वान का नेतृत्व किया जिसमें मंत्रियों ने पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क इलाकों की स्वतंत्रता को मान्यता देने तथा वहां अपने सैनिकों को तैनात करने के रूस के कदम की कड़ी निंदा की। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका के साथ यूरोपीय संघ के विदेश मंत्री शामिल थे। जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार की रात को कहा कि जी-7 के विदेश मंत्री रूस की कार्रवाई के जवाब में प्रतिबंधात्मक उपाय तेज करने पर राजी हुए।

## कोविड के खिलाफ वैश्विक टीकाकरण के लिए भारत-अमेरिका साझेदारी अहम :संधू

लॉस एंजलिस। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि कोविड-19 के खिलाफ दुनिया भर के लोगों के टीकाकरण के लिए भारत और अमेरिका की स्वास्थ्य क्षेत्र में साझेदारी अहम है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक टीकाकरण प्राथमिकता की नीति होनी चाहिए। संधू ने मंगलवार को कहा कि टीकाकरण का वैश्विक मानचित्र कम विकसित देशों में असमानता की कहानी कहता है, जिनमें अफ्रीका के देश शामिल हैं जहां पर 10 प्रतिशत या इससे भी कम आबादी का टीकाकरण हुआ है।



संधू ने यह बात ''सभी के लिए टीका विषय पर आयोजित एक डिजिटल गोलमेज बैठक में कही, जिसमें बिल गेट्स भी शामिल हुए। इस दौरान कैसे सभी को सुरक्षित, सस्ते और विश्वसनीय टीके मुहैया कराए जाएं इस मुद्दे पर चर्चा हुई। इस सम्मेलन में 'बिल ऐंड मिलिंडा फाउंडेशन के सह अध्यक्ष के अलावा नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल, विश्व स्वास्थ्य संगठन की मुख्य वैज्ञानिक डॉ.सौम्या स्वामीनाथन, ह्यूस्टन स्थित बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के प्रोफेसर पीटर जे हॉट्ज आदि ने भी शिरकत की।

स्वामीनाथन ने कहा, ''इस वैश्विक महमारी के दौरान अनुसंधान एवं विकास तथा सभी संक्रामक बीमारियों के लिए टीके के विकास के संबंध में काफी कुछ सीखा गया है। संधू ने अपने संबोधन में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग एवं साझेदारी तीन कारणों से अहम है। पहला टीका सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में दोनों देशों का दीर्घकालिक सहयोग रहा है, दूसरा दोनों देशों का तालमेल मजबूत रहा है और तीसरा भारत तथा अमेरिका के बीच अद्वितीय तालमेल है, जिसका लाभ उठाया जा सकता है।

## पाकिस्तान में PPP नेता रहमान मलिक का कोविड के कारण निधन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीनेटर अब्दुल रहमान मलिक का बुधवार को कोविड-19 संबंधी जटिलताओं की वजह से निधन हो गया। उनके प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। मलिक 70 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। मलिक इस साल जनवरी में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे और उनको सांस लेने में समस्या थी।



उन्हें इस महीने की शुरुआत से ही जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया था। मलिक के प्रवक्ता रियाज अली तुरी ने बुधवार को ट्वीट किया, ''यह सूचित करते हुए दुख हो रहा है कि पूर्व गृह मंत्री और पीपीपी के वरिष्ठ नेता अब्दुल रहमान मलिक का निधन हो गया है।

राजनीति में आने से पहले मलिक पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) में बतौर विशेष एजेंट कार्य कर रहे थे और वर्ष 1993 में उन्हें पदोन्नति देकर अतिरिक्त महानिदेशक बनाया गया था। मलिक वर्ष 2004 से 2007 तक दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के सुरक्षा प्रमुख रहे। वर्ष 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री युसूफ गिलानी ने उन्हें गृह मंत्री नियुक्ति किया।

## दुबई में बनी 'धरती की सबसे सुंदर व अद्भुत इमारत'का उद्घाटन

दुबई। दुबई में आयोजित एक भव्य समारोह में 'म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर का उद्घाटन किया गया जिसे ÷दुनिया की सबसे सुंदर व अद्भुत इमारत कहा जा रहा है। इस भवन को बनाने में 9 साल का वक्त लगा है। यह सात मंजिला इमारत 77 मीटर ऊंची है और 30 हजार वर्ग मीटर में इसका निर्माण हुआ है। यह विश्व की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से कुछ ही दूरी पर स्थित है।

दुबई में निर्मित वास्तुकला के नमूनों में 'म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर% ताजा पेशकश है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि संग्रहालय मानवता के भविष्य की रुपरेखा को प्रदर्शित करता है और मानव के विकास में आने वाली चुनौतियों और अवसरों के नवाचार युक्त समाधान की प्रेरणा देता है। यूएई के कैबिनेट मामलों के मंत्री तथा दुबई फ्यूचर फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद अल गर्गावी ने मंगलवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में कहा कि 'म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर एक जीवंत संग्रहालय है।

इस इमारत का डिजाइन, किल्ला डिजाइन के वास्तुकार शॉन किल्ला ने किया है और यह इंजीनियरिंग तथा कम्प्यूटर की मदद से किए गए डिजाइन का एक उत्कृष्ट नमूना है। यह स्टेनलेस स्टील से बना है और यहां रोबोट के इस्तेमाल से निर्मित 1,024 कलाकृतियां रखी गई हैं।

## यूक्रेन के साथ तनाव के बीच रूस की यात्रा पर रवाना हुए इमरान, दो दशक बाद किसी पाक पीएम की पहली यात्रा

इंटरनेशनल डेस्क। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर रूस रवाना हो गए। इस दौरान खान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता कर प्रमुख क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। पिछले करीब दो दशक में यह किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की पहली रूस यात्रा है। खान के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी रूस गया है, जिसमें उनके मंत्रिमंडल सहयोगी शामिल हैं। प्रधानमंत्री खान और पुतिन के बीच द्विपक्षीय शिखर वार्ता दौरे का अहम बिंदु है। इसने कहा, शिखर बैठक के दौरान, दोनों नेता



ऊर्जा सहयोग समेत व्यापक स्तर पर द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे। दोनों नेता इस्लामोफोबिया और अफगानिस्तान के हालात समेत प्रमुख क्षेत्रीय एंव अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

वहीं, रूसी विदेश कार्यालय ने ट्वीट कर कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री खान बृहस्पतिवार को मॉस्को में वार्ता करेंगे। खान का रूस दौरान ऐसे समय में हो रहा है, जब रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। खान ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव के लिए शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद जतायी है। खान ने रवानगी से पहले रूसी सरकार द्वारा संचालित एक चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, %% मैं सैन्य संघर्ष में विश्वास नहीं करता। मेरा मानना है कि सभ्य समाज बातचीत के जरिए विवादों को हल करते हैं और जो देश सैन्य संघर्ष में भरोसा करते हैं, उन्होंने इतिहास का ठीक तरह से अध्ययन नहीं किया है।

## यूक्रेन संकट : रूस पर क्रमिक, व्यवस्थित तरीके से पाबंदी लगाने के पक्ष में इटली

रोम। इटली ने बुधवार कहा कि यूक्रेन के प्रति आक्रामक रवैये के लिए रूस के खिलाफ क्रमिक, व्यवस्थित तरीके से पाबंदी लगाने की जरूरत है और यह हालात के आधार पर ही होना चाहिए।

इटली के विदेश मंत्री लूईजी दे मयों ने इतालवी सीनेट में रूस को लेकर इटली के रुख पर कुछ नहीं कहा। रूस इटली को उसकी जरूरत की 40 प्रतिशत गैस की आपूर्ति करता है। मयों ने उल्लेख किया कि यूक्रेन से होकर गुजरने वाली पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति होती है। उन्होंने कहा कि ''टकराव से बचने की यह भी एक वजह है।''

इटली यूक्रेन को असैन्य सहायता में 12.5 करोड़ डॉलर प्रदान करने पर विचार कर रहा है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों को गैर-घातक उपकरणों की आपूर्ति के साथ बारूद सुरंग हटाने के साजो-सामान आपूर्ति करने की भी योजना है।

अंकारा : तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा है कि तुर्की यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ मास्को के कदमों को मान्यता नहीं देता है। तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि एर्दोआन ने बुधवार को पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत में यूक्रेन में संकट के राजनयिक समाधान का आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि नाटो का सदस्य और काला सागर क्षेत्र में रूस का पड़ोसी देश तुर्की यूक्रेन संकट का वार्ता के जरिए समाधान चाहता है।

तुर्की के राष्ट्रपति ने दोशों देशों के बारे में कहा, ''हमारे लिए इनमें से किसी एक को छोड़ना संभव नहीं है।''

मास्को : रूस ने कीव में अपने दूतावास को खाली करना शुरू कर दिया है, क्योंकि आशंका है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन पर आक्रमण का आदेश देने वाले हैं।

रूस की सरकार संचालित समाचार एजेंसी 'तास' ने बुधवार को कहा कि मास्को ने यूक्रेन स्थित अपने सभी राजनयिक प्रतिष्ठानों से कर्मियों को निकालना शुरू कर दिया है। का कीव में दूतावास है और खार्किव, ओडेसा तथा ल्वीव में वाणिज्य दूतावास हैं।

यूक्रेन ने भी अपने नागरिकों से रूस छोड़ने का आग्रह किया है। यूक्रेन की सीमाओं के आसपास लगभग 1,50,000 रूसी सैनिकों को तैनात हैं।

पुतिन को मंगलवार को अपने देश के बाहर सैन्य बल की तैनाती करने का अधिकार मिला और पश्चिमी देशों ने उसके खिलाफ कई तरह के प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

यरुशलम : मास्को और कीव, दोनों के साथ घनिष्ठ संबंधों के कारण समान दूरी बनाकर रखे इजराइल का कहना है कि वह क्षेत्रीय अखंडता और यूक्रेन की संप्रभुता का समर्थन करता है।

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि इजराइल ''एक राजनयिक समाधान की उम्मीद करता है जिससे शांति हो, और वह प्रस्ताव मिलने पर मदद करने को तैयार है।'' विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में अपने नागरिकों के कल्याण और देश के यहूदी समुदाय के बारे में चिंता व्यक्त की।

इजराइल में यूक्रेन सहित पूर्व सोवियत संघ के अप्रवासियों की एक बड़ी आबादी रहती है।

ब्रसेल्स : रूसी एसेंबली ड्यूमा के उपाध्यक्ष का दावा है कि यूरोपीय संघ द्वारा उनके देश पर लगाए गए प्रतिबंधों से रूसी प्रभावित नहीं होंगे। पुतिन के करीबी सहयोगी प्योत्र टॉल्स्टॉय ने बुधवार को कहा कि मास्को प्रतिबंधों पर जवाबी कदम की योजना बना रहा है। उन्होंने ब्योरा नहीं दिया। टॉल्स्टॉय ने बेल्जियम के प्रसारक 'आरटीबीएफ' को बताया कि यूरोपीय संघ के प्रतिबंध 'महत्वहीन' हैं।

यूरोपीय संघ ने मंगलवार को ड्यूमा के 351 सदस्यों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की, जिन्होंने यूक्रेन में रूस समर्थक अलगाववादी क्षेत्रों को औपचारिक रूप से मान्यता देने के पक्ष में मतदान किया था।

बीजिंग ¬ चीन ने अमेरिका पर यूक्रेन संकट को लेकर ''भय और दहशत'' पैदा करने का आरोप लगाया है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने बुधवार को कहा कि चीन रूस पर नए प्रतिबंधों का विरोध करता है और चीन के पुराने रूख को दोहराता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सीमाओं के आसपास रूसी सैनिकों की तैनाती और आक्रमण की आशंका के जवाब में अमेरिका कीव को हथियार प्रदान करके तनाव बढ़ा रहा है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के नेतृत्व में चीन-रूस संबंध घनिष्ठ हुए हैं। चिनफिंग ने इस महीने की शुरुआत में बीजिंग में वार्ता के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी की थी।

दोनों पक्षों ने पूर्व सोवियत गणराज्यों में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के विस्तार के लिए रूस की आपत्ति का समर्थन करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया और ताइवान के स्व-शासित द्वीप पर चीन के दावे का समर्थन किया। हुआ ने कहा कि यूक्रेन पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव को कम करने के लिए बीजिंग बहुपक्षीय वार्ता चाहता है। उन्होंने अमेरिका, फ्रांस और अन्य द्वारा रूस को वार्ता की मेज पर लाने के प्रयासों का उल्लेख नहीं किया।

कीव ¬ यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने आक्रामक रुख को लेकर रूस पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की बुधवार को मांग की।

कुलेबा ने ट्वीट किया, ''पुतिन को और आक्रामकता से रोकने के लिए हम भागीदारों से रूस पर अब और प्रतिबंध लगाने का आह्वान करते हैं।'' उन्होंने पिछले दिन मास्को पर लगाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। लेकिन उन्होंने देशों से रूसी राष्ट्रपति पुतिन पर दबाव और बढ़ाने का आग्रह किया। कुलेबा ने ट्वीट किया, ''उनकी अर्थव्यवस्था और सहयोगियों पर प्रहार करें। जोरदार प्रहार करें। अभी करें।''

लंदन : ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रूस ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की गति और पैमाने का बचाव करते हुए कहा कि सरकार यूक्रेन में बड़े स्तर पर घुसपैठ की स्थिति में इस्तेमाल के लिए कुछ उपायों को सुरक्षित रख रही है।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# 10वीं और 12वीं बोर्ड की सभी परिक्षाएं ऑफलाइन होंगी

नई दिल्ली।



कोरोना काल में स्कूलों और कॉलेजों पर लगाए गए प्रतिबंद के बाद जहां परिक्षाएं भी ऑनलाइन लेने का फैसला किया गया था वहीं अब 10वीं और 12वीं बोर्ड की सभी परिक्षाएं ऑफलाइन ली जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने दसवीं और 12वीं कक्षाओं की सीबीएसई एवं अन्य बोर्ड की परीक्षाएं विद्यार्थियों की शारीरिक उपस्थिति के साथ (ऑफलाइन) आयोजित कराने के प्रस्ताव को बुधवार को हरी झंडी दे दी। शीर्ष अदालत ने प्रस्तावित ऑफलाइन परीक्षाओं के खिलाफ दायर याचिका को 'लाखों छात्रों के बीच में भ्रम फैलाने की कोशिश करार देते हुए हर्जाने की चेतावनी के साथ इसे खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी. टी. रवि कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस याचिका को 'गैर-जरूरी और 'भ्रामक बताते हुए इस पर आगे की सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

हालांकि, खंडपीठ ने कहा कि प्रस्तावित ऑफलाइन परीक्षा माध्यम से जिन विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी महसूस होती है, वे संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि परीक्षाएं आयोजित करने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ऐसे में उसे रोकना उचित नहीं होगा। याचिका में 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के बोड 'की प्रस्तावित शारीरिक (कक्षाओं में बैठकर) परीक्षाएं रद्द करने तथा गत वर्ष की तरह वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धति से परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश संबंधित बोडरं को देने की मांग की गई थी। अधिवक्ता प्रशांत पद्मनाभन ने इस मामले में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी।

मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को अधिवक्ता पद्मनाभन की गुहार स्वीकार करते हुए याचिका को न्यायमूर्ति खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। याचिका में सीबीएसई, आईसीएसई, एनआईओएस के अलावा सभी राज्यों में कक्षा 10वीं और 12 वीं कक्षाओं की बोर्ड 'की परीक्षाएं शारीरिक रूप से आयोजित कराने पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई हैं, इसलिए शारीरिक रूप से परीक्षा आयोजित कराना उचित नहीं होगा। याचिका में तक 'दिया गया था कि कोविड -19 महामारी के कारण शारीरिक कक्षाएं आयोजित नहीं की जा सकीं।

ऐसे में शारीरिक तौर पर परीक्षाएं आयोजित करने से विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तथा वे अपने परिणाम को लेकर बेहद तनाव में आ सकते हैं। ऐसे में इसके खतरनाक परिणाम आने की आशंका है।

# बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में दिल्ली सहित समस्त भारतवर्ष में नि :शुल्क नेत्र शिविर, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

नई दिल्ली।

सन्त निरंकारी मिशन द्वारा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में संपूर्ण भारतवर्ष में 100 के करीब निरंकारी सत्संग भवनों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया, जिनका समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक था । मरीजों की जाँच वहां पर उपस्थित योग्य डॉक्टरों की अध्यक्षता में की गयी । इसके अतिरिक्त मोतियाबिंद से संबंधित रोगियों का ऑपरेशन सरकारी अस्पतालों में किया जायेगा और मिशन की ओर से ज़रूरतमंद मरीजों को दवाईयां एवं नज़र के चश्मे भी दिए जायेंगे ताकि अधिक से अधिक संख्या में मरीज इससे लाभान्वित हो सकें। दिल्ली एनसीआर में ये कैंप, निरंकारी कॉलोनी, पहाड़गंज, रोहिणी, मटियाला, मदनगीर के बसतसंग भवन पे लगाया गया।

जैसा कि विदित ही है कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी के सानिध्य में सन्त निरंकारी मिशन ने आध्यात्मिकता द्वारा विश्व को प्रेम, दया, करुणा, एकत्त्व जैसे भावों से जोड़कर, दीवार रहित संसार की परिकल्पना को साकार किया। उन्होंने भक्तों को आध्यात्मिकता के साथ साथ मानवता एवं प्रकृति की सेवा करते हुए अपने कर्त्तव्यों को निभाने की प्रेरणा दी। वर्तमान में इसी श्रंखला को सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। इसी मंतव्य की पूर्ति हेतु आज 23 फरवरी को यह नेत्र जांच शिविर लगाये जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त कोरोना काल में जब समस्त भारतवर्ष के अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी हो गई थी तब मिशन की ओर से 'वननेस वन परियोजना के अंर्तगत 21 अगस्त, 2021 को संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग 350 स्थानों पर डेढ़ लाख के करीब वृक्ष रोपित किये गये और साथ ही उनकी देखभाल करने हेतु तीन वर्षो तक गोद लेकर उनके पालन पोषण का भी संकल्प लिया गया।

इसी महाअभियान को आगे बढ़ाते हुए मिशन के सेवादारों द्वारा आज के दिन 50,000 वृक्ष ओर लगाये जायेंगे एवं उनकी निरंतर देखभाल भी की जायेगी ताकि प्रदूषण का स्तर कम किया जा सके एवं प्राणवायु अर्थात् ऑक्सीजन का निर्माण अधिक से अधिक हो सके क्योंकि मनुष्य का जीवन जिस प्राण वायु पर आधारित है वह हमें इन वृक्षों के माध्यम द्वारा ही प्राप्त होती है।

संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मानव कल्याण की भलाई के लिए बाबा हरदेव सिंह जी का यहीं दृष्टिकोण था कि 'प्रदूषण अंदर हो या बाहर, दोनों ही हानिकारक है।'किन्तु इस वर्ष कोरोना की विषम परिस्थिति के कारण मिशन की ओर से जहां जहां पर संत निरंकारी सत्संग भवन हैं केवल उन्हीं स्थानों पर एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

उक्त जानकारी संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा द्वारा दी गयी। इन सभी अभियानों का आयोजन कोविड-19 के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए ही किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखते हुए पालघर जिले के आदिवासी तलासरी क्षेत्र में सायवन गांव के घुलुम पाड़ा क्षेत्र में तृतीय सीमेंट नाला बांध (ब्छठ) का निर्माण किया गया, जिसका लोकार्पण बुधवार, दिनांक 23 फरवरी, 2022 को जनरल सेक्रेट्री, सन्त निरंकारी मंडल, आदरणीय श्री सुखदेव सिंह के करकमलों द्वारा किया जायेगा। इससे पूर्व भी दो सीमेंट नाला बांध (ब्छठ) का निर्माण आदिवासी जनजातियों के कल्याण हेतु किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन सदैव ही मानव कल्याण के लिए अग्रणी रहा है जिनमे मुख्यतः स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए सेवाएं की गई हैं और यह सभी सेवाएं निरंतर जारी हैं।

## भारत में अब तक 176.47 करोड़ से अधिक लोगों को दी गई कोविड-19 रोधी टीके की खुराक

नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में बुधवार तक 176.47 करोड़ से ज्यादा कोविड-19 रोधी टीके लगाए जा चुके हैं।



देश में बुधवार को शाम सात बजे तक 26 लाख से ज्यादा (26,88,373) टीके लगाए गए। मंत्रालय के अनुसार, स्वास्थ्यकर्मियों, कोरोना योद्धाओं और 60 साल से ज्यादा आयु वाले अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोगों को 1.94 करोड़ से ज्यादा (1,94,97,567) एहतियाती टीके लगाए गए हैं। देर रात तक अंतिम आंकड़ा आने पर दिन में हुए टीकाकरण के आंकड़ों में वृद्धि होने की संभावना है।

देश में कोविड रोधी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी, 2021 से शुरू हुआ और पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया। वहीं, कोरोना योद्धाओं के लिए टीकाकरण अभियान दो फरवरी से शुरू हुआ था। कोविड रोधी टीकाकरण का अगला चरण एक मार्च से शुरू हुआ था जिसमें 60 साल से ज्यादा आयु के सभी लोगों और विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त 45 साल से ज्यादा आयु के लोगों को टीका लगना शुरू हुआ।

देश में 45 साल से ज्यादा आयु वर्ग के सभी लोगों के लिए टीकाकरण एक अप्रैल से शुरू हुआ था। 18 साल से ज्यादा आयु वाले सभी वयस्कों को एक मई से टीका लगने लगा। वहीं, इस साल तीन जनवरी से शुरू हुए अभियान के तहत 15 से 18 साल के किशोरों को टीका लगाया जा रहा है।

## आज से शुरू होगा IGI एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1, मिलेंगी ये सुविधाएं

नई दिल्ली। नई दिल्ली के इंदिरा गाँधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर नए विकसित आगमन टर्मीनल पर विमानों का आवागमन गुरुवार तड़के शुरू होने जा रहा है। इस हवाईअड्डे का प्रचालन करने वाली कंपनी जीएमआर ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि टी-1 का नया आगमन टर्मिनल गुरुवार को शुरू हो जाएगा। जीएमआर की विज्ञप्ति के




अनुसार दिल्ली हवाईअड्डे की चरणबद्ध विस्तार योजना के तहत टी-1 के नए आगमन टर्मिनल का निर्माण किया गया है। इस पर विमानों के आगमन की शुरूआत गोवा से आने वाली इंडिगो की 6ई 6532 से होगी। यह उड़ान तकरीबन सुबह 3 बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी।

नए आगमन टर्मिनल के चालू होने के साथ अब इंडिगो और स्पाइसजेट की सेवाओं को इसपर स्थानांतरित कर दिया जाएगा जबकि प्रस्थान सेवाओं में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं होगा। हवाई अड्डा कंपनी ने कहा है कि इस टर्मिनल पर यात्रियों के स्वागत के लिए आने वाले लोगों के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी हैं। टी1 के नए आगमन टर्मिनल पर खान-पान , बाजार, और वाहन खड़े करने की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा किया गया है।

## 32 साल बाद खुला दिल्ली की एक और लेडी डान का मायाजाल, पुलिस ने खोले चौंकाने वाले राज

नई दिल्ली। गुलाबीबाग थाना पुलिस ने 32 सालों से शराब तस्करी कर रही बुजुर्ग महिला माया को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ के दौरान महिला आरोपित ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। शादी के बाद से ही वह शराब तस्करी के धंधे में लिप्त है। परिवार का भरण- पोषण करने के लिए वह बेटी, बेटे, बहू, नाती-पोते सबके साथ मिलकर यह धंधा कर रही थी। इसके खिलाफ 100 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। गुलाबीबाग थाने की सूची में उसका नाम घोषित अपराधियों की सूची में शामिल है। दरअसल शराब तस्करी के मामले में लचर कानून होने के कारण पकड़े जाने के तुरंत बाद जमानत मिल जाती है, जिसका फायदा उठाकर महिला बार-बार इस तरह के अपराध को करती रही। माना जा रहा है कि कहीं न कहीं इस मामले में बीट स्टाफ की भी संलिप्तता होती है। पुलिस ने माया के घर की तलाशी लेने पर वहां से हरियाणा की बनी 1000 बोतल (क्वार्टर) शराब बरामद की है।

जानकारी के मुताबिक, अंधा मुगल चौकी पुलिस ने गत 15 फरवरी को शराब तस्करी के आरोप में पहले दीपक को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने प्रताप नगर में रहने वाली माया से शराब खरीदने की बात कही। इसके बाद गुलाबीबाग पुलिस ने माया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसने कई पुलिसकर्मियों से अच्छी जान पहचान होने का दावा किया। सूत्रों की मानें तो प्रताप नगर के जिस इलाके से महिला को गिरफ्तार किया गया वहां रहने वाले अधिकतर लोग शराब, स्मैक व अन्य तरह के ड्रग्स बेचने का धंधा करते हैं। उत्तरी जिला में मजनूं का टीला भी शराब व ड्रग्स तस्करों का बड़ा अडडा माना जाता है। हालांकि दो साल पहले मजनूं का टीला इलाके पर लगातार अभियान चलाकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। जिससे वर्षों से शराब व ड्रग्स तस्करी के धंधे में लिप्त आरोपित पकड़ कर जेल भेज दिए गए।

# भाजपा सांसद गौतम गंभीर से मिलने 2 हजार किमी पैदल चलकर दिल्ली पहुंचा युवक

**भाजपा सांसद गौतम गंभीर से मिलने के लिए एक प्रशंसक करीब दो हजार किलोमीटर का सफर पैदल तय करके दिल्ली पहुंच गया।राजेश महंद नामक यह युवक खुद को शहीद भगत सिंह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ गौतम गंभीर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुयायी बताता है।**



नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर और भाजपा सांसद गौतम गंभीर से मिलने के लिए एक प्रशंसक करीब दो हजार किलोमीटर का सफर पैदल तय करके दिल्ली पहुंच गया। यहां बुधवार को वह गौतम गंभीर से मिला। जागृति एन्क्लेव विहार स्थित सांसद कार्यालय में गंभीर ने मुलाकात के साथ उसके साथ काफी देर तक बातचीत की। साथ ही आगे से पैदल चलकर आने से मना भी किया। राजेश महंद नामक यह युवक खुद को शहीद भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ गौतम गंभीर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुयायी बताता है। इन चारों के नाम भी उसने अपने शरीर पर गुदवा रखे हैं। गंभीर से मिलने के बाद अब राजेश की आकांक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की है।

बुधवार को सांसद गंभीर अपने कार्यालय में थे। इसी दौरान राजेश महंद वहां पहुंचा। कार्यालय के कर्मचारियों को अपने बारे में जानकारी दी। इसकी सूचना मिलने पर सांसद गंभीर ने उन्हें अपने कक्ष में बुला लिया। राजेश ने अपनी कमीज खोलकर शरीर पर गुदे हुए नाम दिखाए। उन्होंने कहा कि वह कई सालों से उनका प्रशंसक है।

# भोला राम मार्केट में सार्वजनिक शौचालय का उदघाटन





नई दिल्ली। मोरी गेट स्थित भोला राम मार्केट में सार्वजनिक शौचालय का उदघाटन किया गया। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्मित शौचालय का उदघाटन भोला राम मार्केट ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन चंदभूषण गुप्ता व नॉर्थ डिस्ट्रिक के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने किया। इस मौके पर प्रधान अशोक गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी आरएस भल्ला व शंखज गुप्ता समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# 'व्हिसल ब्लोअर' सुरक्षा अधिनियम 2014 को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि कानून बनाना संसद या राज्य विधानसभा का संप्रभु कार्य है और कोई अदालत कानून पारित करने के लिए निर्देश नहीं दे सकती। इसके साथ ही अदालत ने 'व्हिसल ब्लोअर सुरक्षा अधिनियम 2014 को एक अधिसूचना के जरिए क्रियान्वित करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य विधानसभा लोगों की इच्छाओं का प्रतिनिधित्व करती है और कानून बनाना संसद या राज्य




विधानसभा के विवेक पर निर्भर करता है।

चीफ जस्टिस डी एन पटेल और जस्टिस ज्योति

### जज बोले-कानून बनाना संसद का काम...हमारा नहीं

सिंह की पीठ ने कहा कि कानून और कुछ नहीं बल्कि लोगों की इच्छा होती है तथा वे (राज्य विधानसभा) लोगों की इच्छा को लागू करते हैं। हम संसद के संप्रभु कार्य के लिए कोई नोटिस जारी नहीं कर सकते। अदालत, डॉ मोहम्मद एजाजुर रहमान की एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। रहमान यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में वरिष्ठ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के तौर पर तैनात हैं।

याचिका में कहा गया था कि व्हिसल ब्लोअर सुरक्षा कानून 2014 को एक अधिसूचना जारी कर लागू करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए। पीठ ने कहा कि ऐसे बहुत से कानून हैं जिन्हें संसद ने पारित किया है लेकिन अभी उन्हें लागू नहीं किया गया। पीठ ने कहा कि कानून बनाना संसद के विवेक पर निर्भर करता है इसलिए वह प्राधिकारियों को कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकते।

# व्यापारी भी कोविड योद्धा हैं: स्मृति ईरानी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने आज देश के व्यापारिक समुदाय से वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत अपने मौजूदा व्यापार मॉडल को उन्नत और आधुनिक बनाने का आह्वान किया। वह देश के शीर्ष 150 ट्रेड लीडर्स को संबोधित कर रही थीं, जो कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन के लिए एकत्रित हुए थे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमती ईरानी ने व्यावसायिक समुदाय को मजबूत करने और व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के नए और अभिनव तरीकों को अपनाने और स्वीकार करने के




लिए जागरूकता प्रदान करने के लिए कैट की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के व्यापारियों ने हर बार जब भी जरूरत पड़ी है, बलिदान दिया है चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम का आंदोलन हो या देश का सामाजिक आर्थिक विकास हो या पिछले दो वर्षों में कोरोना काल मे भारत के लोगों को दैनिक उपभोग्य वस्तुएं उपलब्ध कराने की जरूरत को पूरा करना हो। स्वयं तकलीफ झेलते हुए व्यापारी ने हमेशा देश की उन्नति और प्रगति के लिए हर विषम परिस्थितियों में खड़े रहे है।उन्होंने व्यापारिक नेताओं से उन व्यापारियों का दस्तावेजीकरण करने का आह्वान किया, जिन्होंने आर्थिक, धार्मिक, शैक्षिक या किसी अन्य क्षेत्र में सामाजिक विभिन्न क्षमताओं में देश की सेवा की है।भारत के व्यापारियों के पास देश की सेवा करने की विरासत है। भामाशाह और लाला लाजपत राय को याद करते हुए उन्होंने कई अन्य लोगों को याद किया, जो कभी भी अपना महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने व्यापारियों को कोविड वारियर्स के समकक्ष बताया।

## 60 लाख टन कोयला 'ग़ायब! क्या इस कोयला घोटाले पर प्रधान 'मित्र मंत्री जी कुछ कहेंगे: राहुल गांधी

नई दिल्ली।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि गुजरात में छोटे और मझौले उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए दिया 60 लाख टन कोयला कहां गायब हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बारे में जवाब देना चाहिए।

गांधी ने घोटाले को लेकर प्रधानमंत्री पर व्यंग्य करते हुए हमला किया और ट्वीट कर कहा, ''60 लाख टन कोयला 'ग़ायब! क्या इस कोयला घोटाले पर प्रधान 'मित्र मंत्री जी कुछ कहेंगे उन्होंने इसके साथ ही एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें कहा गया है कि पिछले 14 साल के दौरान गुजरात में 6000 का कोयला घोटाला हुआ है।

# इंजीनियरों की नौकरी छीन रही है सरकार: अनुपम

- जंतर मंतर पर बेरोज़गार इंजीनियरों का हल्ला बोल
- 'युवा हल्ला बोल' अध्यक्ष अनुपम ने दिल्ली के जंतर मंतर पर इंजीनियरों की आवाज़ बुलंद की







नई दिल्ली। देश में बेरोज़गारी को राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बनाने वाले युवा नेता अनुपम ने दिल्ली की जंतर मंतर पर बेरोज़गार इंजीनियरों की आवाज़ बुलंद की। अनुपम ने प्रदर्शनकारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि देशभर के इंजीनियर एकजुट हो जाएं तो युवा-विरोधी सरकारों के होश ठिकाने ला सकती है।

मामला दरअसल रेलवे द्वारा 'ग्रुप ए' इंजीनियर्स के पदों को इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा से न कराकर सिविल सेवा परीक्षा 2022 से कराने का है। 'युवा हल्ला बोल' के राष्ट्रीय महासचिव रजत यादव ने कहा कि सरकार के इस कदम से छात्र ही नहीं, रेलवे का भी नुकसान होगा। इस मामले को लेकर सड़क से लेकर सोशल मीडिया पर अभ्यर्थी आंदोलित हैं। विरोध प्रदर्शन के क्रम में आज बड़ी संख्या में इंजीनियरों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में 'युवा हल्ला बोल' के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बता दें कि वर्ष 2019 तक रेलवे की ग्रुप-ए इंजीनियर की भर्तियों के लिए यूपीएससी की दो संयुक्त भर्तियां कराई जाती थी जिस नियम को 2019 में बदल कर आईआरएमएस बनाने का निर्णय लिया गया। रेलवे में ग्रुप-ए नौकरियों की तैयारी करने वाले युवाओं ने पिछले 3 साल से आईआरएमएस का इंतजार किया लेकिन भर्ती नहीं निकाली गयी।

आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे शिक्षक रामतीरथ ने बताया कि सरकार ने आईआरएमएस के डेढ़ सौ पदों को यूपीएससी की 2022 संयुक्त परीक्षा से भर्ती करने की घोषणा की है। जिसके विरोध में देशभर के रेलवे भर्ती के इंजीनियर अभ्यर्थी आंदोलित हैं।

बेरोजगार इंजीनियरों को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए 'युवा हल्ला बोल' संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम ने कहा कि यह सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। मुनाफा कमाने वाले उपक्रमों को बेचा जा रहा है और घाटे में चल रही कंपनियों को खरीदा जा रहा। इसी कारण चंद लोगों अमीर होते जा रहे और आम जनता गरीबी बेरोज़गारी महँगाई के शिकार हो रहे। सरकार अब रेलवे को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुकी है, इसी कारण से रेलवे में नौकरियां नहीं दी जा रही। अनुपम ने कहा कि वो इस सरकार की युवा-विरोधी नीतियों के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेंगे और जीतेंगे।

## दिल्ली में एक लाख से अधिक लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

नई दिल्ली। सालोंसाल सत्ता सुख लेने वाले वरिष्ठ नेताओं को भले ही कांग्रेस पर भरोसा न रहा हो, लेकिन नए लोग शायद अभी भी पार्टी के भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। इसीलिए फरवरी माह में अभी तक एक लाख से अधिक लोग दिल्ली कांग्रेस से बतौर सदस्य जुड़ चुके हैं। 31 मार्च तक सदस्यों की यह संख्या 10 लाख तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस ने जनवरी के पहले सप्ताह में डिजिटल सदस्यता अभियान प्रारंभ किया। लेकिन कोरोना की तीसरी लहर के कारण इस माह में केवल 10 हजार एनरोलर (सदस्य बनाने वाले) ही बनाए जा सके। कोरोना संक्रमण कम हुआ तो फरवरी में नए सदस्य बनाने का अभियान शुरू हुआ।

बताया जाता है कि सदस्यता अभियान को गति देने में पार्टी के नए पुराने अनेक नेता भी जुटे हुए हैं। पुरानी जड़ों को भी जोड़ रहे हैं और नए लोगों को भी पार्टी का सदस्य बना रहे हैं। 22 फरवरी की शाम तक एक लाख से अधिक सदस्य बना लिए गए हैं। 31 मार्च तक यह संख्या 10 लाख तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी सदस्यों से पांच रुपये सदस्यता शुल्क भी लिया जा रहा है।

सदस्यता अभियान खत्म होने के बाद अप्रैल से संगठन की चुनाव प्रक्रिया जोर पकड़ेगी।

# सम्पादकीय

## रूस-यूक्रेन विवाद पर दो धड़ों में बंटती दुनिया!

पूरी दुनिया इस विवाद के चलते धीरे-धीरे अब दो धड़ों में बंटती स्पष्ट नज़र आ रही है, एक तरफ यूक्रेन के साथ खुलकर नाटो देश व अमेरिका खड़ा है, तो वहीं दूसरी तरफ रूस के साथ चीन व सोवियत संघ के हिस्सा रहे देश खड़े हुए हैं, दुनिया के हालात बेहद तनावपूर्ण बनते जा रहे है।

यूक्रेन को नाटो देशों में शामिल करने को लेकर रूस की बेहद तल्ख आपत्ति के चलते हुआ विवाद अब धीरे-धीरे युद्ध की तरफ अग्रसर हो रहा है, आगबबूला रूस ने यूक्रेन की सीमा के नज़दीक लाखों की संख्या में अपने सैनिकों की तैनाती करके दुनिया को सोचने पर मजबूर कर दिया है, वहीं रूस के द्वारा इस समय बेलारूस के साथ युद्धाभ्यास करने के चलते इस क्षेत्र में जबरदस्त तनाव का युद्ध वाला दहशत पूर्ण माहौल पैदा हो गया है। हालांकि विश्व के अधिकांश देश बेहद करीब से पल-पल रूस-यूक्रेन के बीच उभरे जबरदस्त तनाव पर निरंतर नज़र लगाएं हुए बैठे हैं, क्योंकि इस एक छोटे से विवाद के चलते दुनिया की दो बेहद ताकतवर महाशक्तियां



रूस व अमेरिका अब एक दूसरे के आमने-सामने खुलकर आ गयी हैं। रूस-यूक्रेन का यह आपसी विवाद का मसला बेहद तनाव पूर्ण हालात के चलते अब इस स्तर तक पहुंच चुका है कि लोगों को लगने लगा है कि कुछ देशों की अति महत्वाकांक्षा के चलते दुनिया के सामने एकबार फिर से विश्वयुद्ध की नींव रखने वाले युद्ध का खतरा मंडराने लगा है। वैसे भी इस संकट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से इस ज्वंलत मसले पर लगातार संपर्क में हैं और वह हालात को नियंत्रित करने के लिए पुतिन से एक घंटे लंबी फोन पर बात तक कर चुके हैं, यह इस स्थिति की गंभीरता को दर्शाने के लिए काफी है।

वहीं अब रूस ने 18 फरवरी को ÷म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन÷ में अपने प्रतिनिधि ना भेजकर दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह यूक्रेन मसले पर किसी भी व्यक्ति व देश के दबाव में आसानी से नहीं आने वाला है। हालांकि रूस-यूक्रेन के बीच के विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर पहल जारी है, कूटनीतिक दावपेंच पक्ष-विपक्ष के द्वारा धरातल पर लगातार चले जा रहे हैं। वहीं कुछ देश इस मामले की गंभीरता को पहचान कर हर-हाल में युद्ध टालने के लिए कार्य कर रहे हैं, वहीं कुछ देश रूस से अपना वर्षों पुराने हिसाब-किताब को बराबर करने का ख्वाब लिए सार्वजनिक रूप से ऊलजुलूल ऊटपटांग बयानबाजी करके रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध की आग को भड़काने का कार्य कर रहे हैं। दूसरी तरफ हथियारों की तिजारत करने वाले कुछ ताकतवर देश युद्ध या उसके हालातों से अपने देशों की तिजोरी भरने की जुगत की रणनीति भी बनाने में लगे हुए हैं। लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि रूस-यूक्रेन सीमा पर युद्ध के माहौल के बीच हालात निरंतर बेहद तनाव पूर्ण बने हुए हैं, अमेरिका व नाटो की चेतावनी के बाद यूक्रेन हाई अलर्ट मोड पर है, वहां पर रूस के किसी भी प्रकार के हमले की स्थिति से निपटने की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी हैं, साथ ही रूस को माकूल जवाब देने के लिए भी नाटो देशों व अमेरिका के साथ मिलकर युद्ध की रणनीति बनाने का कार्य यूक्रेन कर रहा है, यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिकी सेना व नाटो देश के सैनिक युद्धभूमि में भूमिका निभाने के लिए तैयार बैठे हैं, अमेरिका का दुनिया के आधुनिक जंगी साजोसामान से लैस विध्वंसक ÷सांतवा जंगी बेड़ा÷ सागर की लहरों को चीरता हुआ दुनिया की नयी संभावित युद्धभूमि के लिए अग्रसर है। हालात ऐसे बन गये हैं कि किसी भी एक पक्ष की नादानी पूरी दुनिया को युद्ध में झोंक सकती है।

पूरी दुनिया इस विवाद के चलते धीरे-धीरे अब दो धड़ों में बंटती स्पष्ट नज़र आ रही है, एक तरफ यूक्रेन के साथ खुलकर नाटो देश व अमेरिका खड़ा है, तो वहीं दूसरी तरफ रूस के साथ चीन व सोवियत संघ के हिस्सा रहे देश खड़े हुए हैं, दुनिया के हालात बेहद तनावपूर्ण बनते जा रहे है। क्योंकि अधिकांश देश अभी तो कोरोना महामारी के चलते उत्पन्न मंदी के भयावह प्रकोप से उभर ही नहीं पाये है, ऊपर से यूक्रेन-रूस के तनाव के चलते दुनिया पर युद्ध के बादल मंडराने लग गये हैं। रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण उत्पन्न संकट का असर वैश्विक बाजार पर स्पष्ट रूप से दिखने लग गया है, भारत भी अब इससे अछूता नहीं रहा है, इस विवाद के चलते भारत के घरेलू शेयर बाजार में भी कोहराम मच गया और सेंसेक्स करीब साढ़े पांच महीने के निचले स्तर पर आकर के लोगों की गाढ़ी कमाई को चंद मिनटों में ही डुबोने का काम कर गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों की राय माने तो रूस-यूक्रेन का यह विवाद देश के बहुत सारे सेक्टरों में जबरदस्त ढंग से महंगाई को बढ़ावा देने का कार्य करेगा, इसका व्यापक असर भारत में राजनीतिक, कूटनीतिक व आर्थिक रूप से हो सकता है, वैसे भी भारत की जनता जबरदस्त महंगाई के प्रकोप को लंबे समय से झेल कर बेहद परेशान है, जिसको आने वाले समय में रूस-यूक्रेन का विवाद और

# आईपीएल की नीलामी में हरफनमौला खिलाड़ियों पर खूब लगे दांव

केएल राहुल इस बार सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पिछले सीजन में वह पंजाब किंग्स के कप्तान थे लेकिन उनकी टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया था। इसके बाद नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 17 करोड़ रुपये देकर अपने साथ जोड़ लिया।

आईपीएल के मैचों में इस बार ज्यादा रोमांच देखने को मिलेगा। दो नई टीमें जुड़ने से मैचों की संख्या बढ़ जाएगी। अभी तक आठ टीमें इसमें भाग लेती थीं। अब लखनउ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के नाम से दो नई टीमों के शामिल होने से कुल दस टीमें खिताब के लिए उतरेंगी। 12 और 13 फरवरी 2022 को बेंगलुरू में देशी और विदेशी खिलाड़ियों की बंपर नीलामी हुई। दो दिन की नीलामी में कुल 204 खिलाड़ियों पर पांच अरब, 51 करोड़ 70 लाख रुपये खर्च हुए। फ्रेंचाइजी कंपनियों ने अच्छे क्रिकेटरों को अपने साथ जोड़ने के लिए खूब पैसा लुटाया है। सभी कंपनियों ने युवाओं को मौका दिया है। यही वजह है कि कई अनुभवी खिलाड़ी जिनका प्रदर्शन उतार पर है, उन पर किसी ने दांव नहीं लगाया। टी-20 के फार्मेट में पावर हिटर की जरूरत पड़ती है। इसीलिए ऐसे खिलाड़ियों को तरजीह दी गई है जो तगड़े शाट लगा सकते हों। दो दिन तक चली नीलामी में देश दुनिया के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया लेकिन अंत में सिर्फ 204 खिलाड़ियों पर ही फ्रेंचाइजी ने भरोसा जताया। 11 खिलाड़ी ऐसे रहे जिन पर 10 करोड़ या इससे अधिक की बोली लगी। इस दौरान कई टीमों ने युवाओं पर भरोसा दिखाया तो कुछ ने अनुभव के साथ जाना पसंद किया। कई खिलाड़ियों के इधर-उधर होने से टीमों का स्वरूप बदला हुआ दिखेगा। इस बार ढेर सारे नए चेहरे भी मैदान में दिखेंगे। हाल ही में वेस्ट इंडीज में भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता है। इसलिए इस विजेता टीम के कई युवा सदस्यों पर भी बोली लगी। दो नई टीम के आने से खिलाड़ियों के लिए मौके भी खूब बन गए हैं। आईपीएल में दमदार प्रदर्शन करके खिलाड़ी नेशनल टीम में आने की कोशिश करते हैं। लगभग सभी टीमों ने आलराउंडर खिलाड़ियों को तवज्जो दिया है। ऐसे खिलाड़ी सबकी पसंद होते हैं। इसलिए कंपनियों ने इन पर धन लुटाने में कंजूसी नहीं की है। कुल मिलाकर 77 हरफनमौला खिलाड़ी खरीदे गए हैं। सबसे ज्यादा 213 करोड़ रुपये इन्हीं पर खर्च किए गए हैं।

सबसे महंगे खिलाड़ी केएल राहुल

केएल राहुल इस बार सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पिछले सीजन में वह पंजाब किंग्स के कप्तान थे लेकिन उनकी टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया था। इसके बाद नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 17 करोड़ रुपये देकर अपने साथ जोड़ लिया। राहुल लखनऊ के कप्तान भी घोषित हो गए हैं। इस टीम ने अनुबंध के द्वारा राहुल को पहले ही ले लिया था इसलिए वह ऑक्शन में शामिल नहीं हुए। इस प्रक्रिया में टीमें खुद से खिलाड़ियों से करार कर लेती हैं। इसमें ऑक्शन की जरूरत नहीं पड़ती। तीन खिलाड़ियों को 16-16 करोड़ मिलेंगे। इनमें मुंबई के रोहित शर्मा, चेन्नई के रवीन्द्र जडेजा और दिल्ली टीम के ऋषभ पंत शामिल हैं। नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन रहे जिन्हें 15.25 करोड़ रुपये में मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया। युवा ईशान की तो जैसे लाटरी ही लग गई। दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी दीपक चाहर रहे जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 14 करोड़ रुपये में अपने साथ रखा है। इन दोनों को उनकी पुरानी टीमों ने करोड़ों रुपये देकर अपनी टीम में बरकरार रखा। इसके बाद हैं श्रेयस अय्यर जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 12.25 करोड़ में खरीदा है। श्रेयस को केकेआर टीम का कप्तान भी बनाया गया है।

नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स में 21 खिलाड़ी

लखनउ की टीम पहली बार आईपीएल में खेलेगी। टीम ने 21 खिलाड़ियों को ऑक्शन में खरीदा है। लोकेश राहुल को पहले ही करार के द्वारा शामिल किया जा चुका था। मगर सबसे चौंकाने वाला एक नाम तेज गेंदबाज आवेश खान का है जिसे 10 करोड़ रुपये में लिया गया है। किसी अनकैप्ड खिलाड़ी को इतनी भारी राशि देने का यह पहला मामला है। अनकैप्ड का मतलब है जिस खिलाड़ी ने अभी तक कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला हो। हालिया सीरीज में भारतीय टीम में आवेश का चयन तो हुआ था लेकिन अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया। लखनऊ ने एक बड़ा नाम क्वींटन डी-काक को 6.75 करोड़ में अपने साथ जोड़ा है। वह अभी तक मुंबई टीम से खेलते थे। क्वींटन दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। सीमित ओवरों के मैच में वह पारी की शुरुआत भी करते हैं। इसके अलावा वेस्ट इंडीज के पूर्व कप्तान जेसन होल्डर भी लखनऊ टीम से जुड़ गए हैं। वह पहले हैदराबाद की टीम से खेलते थे। उन्हें 8.75 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इंग्लैंड के गेंदबाज मार्क वुड को 7.50 करोड़ में खरीदा गया है। भारतीय वनडे टीम में हाल ही में शामिल किए गए आलराउंडर दीपक हुड्डा भी लखनऊ टीम का हिस्सा हैं। उन्हें 5.75 करोड़ मिलेंगे। टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज मनीष पांडेय को 4.60 करोड़ में लखनऊ टीम ने खरीदा है। आलराउंडर क्रुनाल पांड्या को 8.25 करोड़ में खरीदा गया है। वह भी भारत की ओर से खेल चुके हैं। इनके अलावा सभी नए चेहरे हैं। यानी युवाओं को खूब मौका दिया गया है। अंकित राजपूत को 50 लाख, कृष्णप्पा गौतम को 90 लाख, शाहबाज नदीम को 50 लाख और श्रीलंका के गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को 2 करोड़ में खरीदा गया है। बैटिंग की जिम्मेदारी कप्तान राहुल और डी काक पर ही रहेगी। यही दोनों सलामी बल्लेबाज भी होंगे। वेस्ट इंडीज के आलराउंडर काइल मेयर्स को 50 लाख की सैलरी में खरीदा गया है। लखनऊ की टीम के साथ आस्टेलिया के हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस भी हैं। वह पिछले साल दिल्ली के साथ थे। स्टोइनिस को मिला कर लखनउ टीम में आठ आलराउंडर हैं। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर लखनउ टीम के मेंटर हैं। उनका अनुभव टीम के लिए फायदेमंद होगा।

नीलामी के दूसरे दिन फ्रेंचाइजी कंपनियों की नजर विदेशी खिलाड़ियों पर थी। इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन को पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 50 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ लिया। मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर 8 करोड़ रुपये खर्च किए। हालांकि, चोटिल होने की वजह से उनका खेलना संदिग्ध है। मुंबई ने आठ विदेशी खिलाड़ियों को अपनी टीम में चुना है। वेस्ट इंडीज के मौजूदा टी-20 कप्तान कीरोन पोलार्ड पहले से ही मुंबई से जुड़े हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को जेनसन के लिए हैदराबाद ने 4 करोड़ 20 लाख की बोली लगाई। पंजाब ने वेस्ट इंडीज के गेंदबाज ओडियन स्मिथ को 6 करोड़ में खरीदा है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा इस बार पंजाब की ओर से खेलते नजर आएंगे। इंग्लैंड के मोइन अली चेन्नई के साथ बने हुए हैं। सिंगापुर के टिम डेविड ने सभी को चौंका दिया। उनकी बेस प्राइज 40 लाख थी। उनकी ख्याति फिनिशर के रूप में है। इनके लिए कोलकाता और मुंबई के बीच काफी देर तक नीलामी चली। आखिर में मुंबई ने 8.25 करोड़ में डेविड को खरीद लिया।

# उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब गर्माया आतंकवाद का मुद्दा

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के तीन चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है और प्रदेश में सभी राजनैतिक दलों ने आगामी चार चरणों के लिए चुनाव प्रचार का अभियान और तेज कर दिया है। अभी तक सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से सुरक्षा और विकास के साथ पिछली सरकारों की बदहाल कानून व्यवस्था को मुददा बनाकर बढत बना ली गयी थी लेकिन अब 14 वर्ष पूर्व अहमदाबाद में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में 38 दोषियों को मृत्युदंड और 11 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद प्रदेशके चुनावों में आतंकवाद का मुददा गर्मा गया है।



हरदोई में चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे घटनाक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाजवादी पार्टी को बैकफुट पर ला दिया है और अब भाजपा के सभी प्रचारक अहमदाबाद बम धमाकों सहित पूर्ववर्ती सपा सरकार की ओर से आतंकवादियों के मुकदमों की वापसी को मुददा बना दिया है। देश के सबसे बड़े आतंकी हमले में देश की अदालत ने इंडियन मुजाहिदीन के 38 आतंकियो को मौत की सजा सुनायी है। सजा पाने वाले आतंकियों में नौ यूपी से जुड़े हैं। इनमें पांच आजमगढ़, एक-एक मऊ, मेरठ, बुलंदशहर और बिजनौर का है। आजमगढ़ के पांचों आरोपी सरायपीर के निवासी है। गुजरात पुलिस ने सबसे पहले सरायपीर क्षेत्र के निवासी अबुल बशर को ही पकड़ा था। पुलिस का दावा था कि बशर इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी के तार आतंकियों के साथ ऐसे ही नहीं जोड़ दिया है यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। प्रधानमंत्री ने अपनी जनसभा में बताया कि किस प्रकार से आतंकियों ने यह कायराना हरकत की थीं और सभी बम साइकिल पर बंधे हुए थे और साइकिल समाजवादी पार्टी का चुनाव चिन्ह है।

अहमदाबाद धमाके पर फैसला अने के बाद से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी पर हमलावर हो गये थे भापजा नेता अनुराग ठाकुर ने एक आतंकी के पिता की फोटो समाचार पत्रों में साझा करते हुए कहाकि अहमदाबाद बम धमाकों के तार सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी के साथ जुडे हुए हैं। अखिलेश यादव मौन हैं, कारण क्या है। क्या है यह कनेक्शन आजमगढ़ को आतंकवाद का गढ़ बनाने का और ये भी नही बता पा रहे हैं कि आतंकवादियां पर चुप्पी साधने का कनेक्शन आखिर क्या है ?

आतंकी हमलों के प्रति सपा पर जो आरोप लगाय गये है वह सभी पूरी तरह से सत्य हैं। अखिलेश यादव सरकार के दौरान 2013 में सात जिलों में आतंकी हमलों से जुड़े 14 केस एक साथ वापस लिये गये थे। अखिलेश सरकार ने जिन 14 मामलों को वापस लिया था उनमें लखनऊ के छह और कानपुर के तीन मामले थे। इसके अलावा वाराणसी, गोरखपुर, बिजनौर, रामपुर और बाराबंकी का एक मामला था। अखिलेश सरकार ने पांच मार्च 2013 को संकट मोचन मंदिर एवं रेलवे स्टेशन कैंट पर धमाको में शामिल आतंकियों का भी मुकदमा भी सपा सरकार ने वापस लिया था। एक प्रेशर कुकर में घड़ी लगाकर विस्फोटक दशाश्वमेघघाट पर भी मिला था। इस आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हुई थी ओर 101 से अधिक लोग घायल हो गये थे।

इसी तरह 20 मई 2007 को गोरखपुर के बलदेव प्लाजा जरकल बिल्डिंग और गणेश चौराहा हुए सिसलसिलेवार विस्फेट के मामले को राज्य सरकार ने वापस ले लिया था। वैसे अदालत ने सरकार के आदेश को मानने से इंकार कर दिया था और बाद में दोषियों को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा हुयी थी। वहीं कई मामलों में सरकार के फैसले को मानते हुए केस को समाप्त कर दिय गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी के तार आतंकियां के साथ जोड़कर बिल्कुल सही काम किया है क्योंकि सपा हमेशा से ही सेकुलरवाद के नाम पर आतंकियों के प्रति बेहद नरम रवैया अपनाती रही है। 2012 के चुनाव घोषणापत्र में भी समाजवादियां ने मुस्लिम समाज से वादा किया था कि वह देश की जेलों में बंद निर्दोष युवाओं की रिहाई अवश्य करवायेंगे। सपा यह कहती रहती है कि आतंक के नाम पर मुसलमानों को बदनाम किया जा रहा है और फर्जी गिरफ्तारी से लेकर उनका फर्जी एनकाउंटर तक किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी का रवैया आतंकवाद व आतंकवादियों के लिए सदा उदार रहा है।

समाजवादी पार्टी तो लव जेहाद और धर्मांतरण के मुददों पर भी मुस्लिम कटटरपिंथियो का साथ देती रही है। सपा सरकार में तो गौवध और गौ तस्करी चरम सीमा पर थी। आज यही लोग निराश्रित पशुओं का मुददा तो उठा रहे हैं लेकिन यह वही सपा है जिसकी सरकारों में गांवों में लोगों के पशु चोरी हो जाते थे। आज कम से कम गांवों में लोगों के पशु चोरी नहीं हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में ही अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि को भी निशाना बनाया गया था। यह तो भला हो उस समय तत्कालीन हाईकोर्ट के जजों का जिनके कारण आतंकवादी छूट नहीं पाये और सपा का पाप आगे नहीं बढ़ पाया था। आतंकवाद को समर्थन के नाम पर समाजवादी पार्टी का तो काला इतिहास भरा पड़ा है और यही कारण है कि अहमदाबाद बम धमाकों में फैसला आ जाने के बाद समाजवादी बैकफुट पर चले गये हैं।

यह सपा नई नयी है अपितु यह पुरानी सपा है और यह अब और अधिक खतरनाक हो चुकी है। अहमदाबाद बम धमाका मामले में फैसले को जमीयत उलेमा-ए-हिंद के नेता मौलना अरशद मदनी ने अविश्वसनीय बताते हुए हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक जाने की बात कही है वहीं मदनी का बयान आने के बाद प्रदेश बीजेपी के एक नेता का बयान वायरल हो रहा है कि इस पूरे मामले में मदनी की भूमिका की भी जांच होनी चहिए। मदनी का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें संगठन के कार्यक्रम में उनके साथ सपा नेता अखिलेश यादव, रालोद नेता जयंत चौधरी और आप नेता अरविंद केजरीवाल भी खड़े दिखलायी पड़ रहे हैं। यह वही नेता हैं जो मुस्लिम तुष्टिकरण के नाम पर राष्ट्रीय सुरक्षा तक को दांव पर लगा देते हैं। यह वहीं नेता हैं जो कश्मीर के पुलवामा हमले की साजिश रचने का आरोप उल्टा भारत सरकार पर ही लगा देते हैं और सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं, यह वहीं नेता हैं जो जनरल विपिन रावत को सडक का गुंडा तक कहते रहे हैं। कांग्रेस के नेता खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन को अभी भी ओसामा जी कहकर बुला रहे हैं।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के नाम पर परिवारवाद को पोषित करने में लगे क्षेत्रीय दल



राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने की पहल कोई नई-अनोखी बात नहीं। यह काम रह-रहकर होता ही रहता है। कुछ समय पहले ममता बनर्जी इसके लिए तेजी से सक्रिय हुई, लेकिन जब उन्होंने कांग्रेस के बगैर विपक्ष दलों को जोड़ने के इरादे से मुंबई का दौरा किया तो शिवसेना उनसे दूरी बनाती दिखी। अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव विपक्ष को एकजुट करने के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। गत दिवस उन्होंने मुंबई में उद्धव ठाकरे के अतिरिक्त शरद पवार से भी मुलाकात की। आने वाले दिनों में वह अन्य विपक्षी नेताओं से भी भेंट कर सकते हैं।

चंद्रशेखर राव इसके पहले भी विपक्षी एकता के लिए प्रयास कर चुके हैं, लेकिन बाद में वह न केवल भाजपा के करीब आए, बल्कि संसद में कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर मोदी सरकार के साथ खड़े भी हुए। वह पिछले कुछ समय से भाजपा से भड़के हुए हैं और उसे खरी-खोटी सुनाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। ऐसा लगता है कि हैदराबाद नगर निगम चुनावों के साथ एक विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा की जीत ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। वह पिछले दिनों तेलंगाना गए प्रधानमंत्री की अगवानी करने भी नहीं पहुंचे। भाजपा से उनकी नाराजगी का कारण कुछ भी हो, इससे इन्कार नहीं कि देश को एक सबल विपक्ष चाहिए।

लोकतंत्र के भले के लिए विपक्ष का सशक्त होना आवश्यक है, लेकिन समस्या यह है कि भाजपा का विकल्प तैयार करने की कोशिश करने वाला विपक्ष का हर नेता विपक्षी एका की कमान अपने हाथ में रखना चाहता है। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि वे विकल्प तैयार करने की बातें तो खूब करते हैं, लेकिन देश के सामने कोई ठोस एजेंडा और स्पष्ट नजरिया प्रस्तुत नहीं कर पाते। इसका एक बड़ा कारण राष्ट्रीय महत्व के विषयों की तुलना में क्षेत्रीय मसलों को कहीं अधिक प्राथमिकता देना है।

विपक्षी दल यह समझें तो बेहतर कि कोई ठोस विकल्प तभी बन सकता है, जब वे राष्ट्रीय दृष्टि से लैस हों। यह विचित्र है कि वे संघीय ढांचे को मजबूत करने की जरूरत तो जताते हैं, लेकिन प्राय÷ उसके ही खिलाफ काम करते हैं। कई बार तो वे विकास और सामाजिक कल्याण की केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में नकारात्मक रवैये का प्रदर्शन भी करते हैं।

# नए भारत के निर्माण में कैसे उपयोगी साबित होगी नई लोक सेवा

डा. सुशील कुमार सिंह। भारतीय संविधान सभा में अखिल भारतीय सेवाओं के बारे में चर्चा के दौरान सरदार पटेल ने कहा था कि प्रशासनिक प्रणाली का कोई विकल्प नहीं है। इसके अलावा भी उन्होंने प्रशासनिक सेवा को लेकर कई बातें कही थीं। वर्तमान में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस), पुलिस सेवा (आइपीएस) और वन सेवा (आइएफएस) समेत तीन अखिल भारतीय सेवाएं हैं। अखिल भारतीय का तात्पर्य ऐसी सेवा जिसमें भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है। लोक सेवा जैसी व्यवस्था में नीति नियोजन से लेकर क्रियान्वयन तक के सारे पक्ष निहित होते हैं। यह अधिकार से परिपूर्ण ऐसी सेवा है जिसमें नए भारत ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की कायाकल्प करने की ताकत होती है।

हालांकि बिना राजनीतिक इच्छाशक्ति के इसकी जोर-आजमाइश फलित नहीं हो सकती। ब्रिटिश काल में प्रशासनिक सेवा (नौकरशाही) की प्रवृत्ति भारतीय दृष्टि से लोक कल्याण से मानो परे रही है। मैक्स वेबर ने अपनी पुस्तक सामाजिक-आर्थिक प्रशासन में इस बात को उद्घाटित किया था कि नौकरशाही प्रभुत्व स्थापित करने से जुड़ी एक व्यवस्था है, जबकि अन्य विचारकों की यह राय रही है कि यह सेवा की भावना से युक्त एक संगठन है। इतिहास के पन्नों को पलटा जाए तो स्पष्ट है कि मौजूदा अखिल भारतीय सेवा अर्थात आइएएस और आइपीएस सरदार पटेल की ही देन है जिसका उद्भव 1946 में हुआ था, जबकि आइफएस 1966 में विकसित हुई। समय, काल और परिस्थिति के अनुसार नौकरशाही से भरी ऐसी सेवाएं मौजूदा समय में सिविल सर्वेंट के रूप में कायाकल्प




कर चुकी हैं। ब्रिटिश काल की यह इस्पाती सेवा अब प्लास्टिक फ्रेम को ग्रहण कर चुकी है। जनता के प्रति लचीली हो गई है। सरकार पुराने भारत की भ्रांति से बाहर आकर नए भारत की क्रांति लाना चाहती है जो बिना लोक सेवकों के मानस पटल को बदले पूरी तरह संभव नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोक सेवकों को नैतिकता का पाठ पढ़ाने को लेकर बीते कुछ वर्षों से प्रयास करते दिखते हैं। कुछ हद तक कह सकते हैं कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने बड़े और कड़े कदम उठाए हैं, मगर सामाजिक बदलाव को पूरा पाने के लिए प्रशासन में काफी परिवर्तन करना होगा। फिलहाल बीते दिनों सरकार ने आइएएस कैडर नियम 1954 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है, जिसमें संबंधित राज्य और लोक सेवक की सहमति के बिना उन्हें केंद्र में संचालित करने की मंजूरी संभव है। पहले के नियमों में यह रहा है कि ऐसा करने के लिए राज्य और नौकरशाह की रजामंदी जरूरी थी।

लोक सेवा सरकार के काम-काज के संचालन के लिए आवश्यक है। सरकार ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए सोच-समझ कर लोक सेवा में सुधार किया, ताकि नीतियों को प्रभावी और कुशलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सके।

हाल के समय में प्रौद्योगिकी उन्नयन से लेकर अधिक विकेंद्रीकरण के साथ सामाजिक सक्रियता के चलते वैश्विक स्तर एक बड़े बदलाव की ओर झुका है। ऐसे में भारत की प्रशासनिक व्यवस्था में दक्षता और समावेशी दृष्टिकोण का अनुपालन अपरिहार्य हो जाता है।

केंद्र सरकार ने लोगों तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से एक नए व्यापक लोक सेवक सुधार कार्यक्रम की घोषणा की है। देखा जाए तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी लोक सेवाओं में सुधार करते दिखते हैं। जिस नौकरशाही को नीतियों के क्रियान्वयन और जनता की खुशहाली का जिम्मा हो और वही शोषणकारी और अकर्मण्य हो जाए तो न तो अच्छी सरकार रहेगी और न ही जनता की भलाई होगी। इसी मर्म को समझते हुए लालफीताशाही पर प्रहार करने के साथ लाल बत्ती को भी पीछे छोड़ना जरूरी समझा गया और देश में मई 2017 से लालबत्ती का दायरा सीमित कर दिया गया है।

नीति आयोग के पास 2018 के ऐतिहासिक रिपोर्ट में लोक सेवा में सुधार को लेकर निहित अध्याय में नए भारत के निर्माण के लिए रणनीति रिपोर्ट में जनसेवाओं को और अधिक प्रभावी और कुशलतापूर्वक पहुंचाने के लिए लोक सेवकों की भर्ती, प्रशिक्षण सहित कार्य निष्पादन के मूल्यांकन में सुधार करने जैसे तंत्र को स्थापित करने पर जोर दिया गया, ताकि नए भारत 2022 के लिए परिकल्पित और संदर्भित विकास को हासिल किया जाना आसान हो। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2020 से मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के अंतर्गत सृजनात्मक, रचनात्मक, कल्पनाशील, नव प्रवर्तनशील, प्रगतिशील और सक्रिय तथा पेशेवर सामर्थ्यवान लोक सेवक को विकसित करने के लिए एक घोषणा दिखाई देती है। जाहिर है नए भारत के लिए यह एक और नया आगाज था, पर समय के साथ परिवर्तन कितना हुआ, यह प्रश्न कहीं गया नहीं है।

लोक सेवा में सुधार का मूलभूत उद्देश्य जन केंद्रित लोक सेवा का निर्माण करना है। चुनौतियों से भरे देश और उम्मीदों से अटे लोग तथा वृहद जवाबदेही के चलते सरकार के लिए विकास और सुशासन की राह पर चलने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। भूमंडलीकरण के इस दौर में लोकसेवा का परिदृश्य भी नया करना होगा, ताकि नए भारत में नए कवच के साथ नई लोक सेवा नई चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करे। आर्थिक वृद्धि और जन कल्याण के लिए हितकारी सेवाओं का विकास और डिलीवरी करने में सामर्थ्यवान सिविल सेवा नए भारत की बड़ी आवश्यकता है।

इस कथन से लोक सेवा के मूल्य को और समझा जा सकता है एक प्रशासनिक चिंतक डानहम ने कहा है कि यदि हमारी सभ्यता नष्ट होती है तो ऐसा प्रशासन के कारण होगा। जाहिर है कि नए भारत की जिस महत्वाकांक्षा ने नई उड़ान ली है, उसे धरातल पर नई लोकसेवा से ही उतारा जा सकता है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail: gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

# पीएम मोदी ने कहा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार हमारी महिला शक्ति


**नई दिल्ली (एजेंसी)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर जल योजना के तहत पानी और स्वच्छता तथा केंद्रीय बजट 2022-23 के सकारात्मक प्रभाव पर संवाद किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट के बाद, बजट घोषणाओं को लागू करने की दिशा में आज आप सभी स्टेकहोल्डर्स से संवाद अपने आप में बहुत अहम है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, हमारी सरकार की पॉलिसी और एक्शन का मूलभूत प्रेरणा सूत्र है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 7 वर्षों में, हमने देश की क्षमता में सुधार करने और पानी, बिजली, गैस कनेक्शन, शौचालय और सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं को पूरे भारत में मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। अब समय आ गया है कि इन योजनाओं को देश के 100 प्रतिशत हिस्से को कवर करना चाहिए।

मोदी ने कहा कि बजट में सरकार द्वारा, सैचुरेशन के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप दिया गया है। बजट में पीएम आवास योजना, ग्रामीण सड़क योजना, जल जीवन मिशन, नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी, गांवों की ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, ऐसी हर योजना के लिए जरूरी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि गांवों की डिजिटल कनेक्टिविटी अब एक आकांक्षा भर नहीं है, बल्कि आज की जरूरत है। ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से गांवों में सुविधाएं ही नहीं मिलेंगी, बल्कि ये गांवों में स्किल्ड युवाओं का एक बड़ा पूल तैयार करने में भी मदद करेगा। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार हमारी महिला शक्ति है। वित्तीय समावेशन ने परिवारों में महिलाओं के आर्थिक फैसलों में अधिक भागीदारी सुनिश्चित की है। स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं की भागीदारी को और विस्तार देने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा केंद्रीय बजट में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों के लिए महत्वपूर्ण है। पीएम ने दावा किया कि अलग अलग योजनाओं में 100 प्रतिशत लक्ष्य पाने के लिए हमें नई टेक्नोलॉजी पर भी फोकस करना होगा। ताकि प्रोजेक्ट्स भी तेजी से पूरे हों और क्वालिटी से भी समझौता नहीं हो। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत लगभग 4 करोड़ कनेक्शन देने का टारगेट हमारी सरकार ने रखा है।टारगेट को हासिल करने के लिए आपको अपनी मेहनत और बढ़ानी होगी। मेरा हर राज्य सरकार से ये भी आग्रह है कि जो पाइपलाइन बिछ रही हैं, जो पानी आ रहा है, उसकी क्वालिटी पर भी हमें बहुत ध्यान देने की जरूरत है।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि गांव में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से सर्विस सेक्टर का विस्तार जब होगा, तो देश का सामर्थ्य और ज्यादा बढ़ेगा। ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी में अगर कहीं दिक्कतें आ रही हैं,तब उनकी पहचान और समाधान हमें ढूंढ़ना ही होगा। उन्होंने कहा कि आज



भारत के ज्यादातर राज्यों में आउटपुट से ज्यादा आउटकम पर बल देने की आवश्यकता है। आज गांव में काफी मात्रा में धन जाता है, उन पैसों का सही समय पर अगर उपयोग हो,तब गांवों की स्थिति बदल सकते हैं।

# आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद से लड़ने के लिए दुनिया के सभी राष्ट्र हों एकजुटः ओम बिरला

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हाल में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता और सतत विकास के लिए यह आवश्यक है कि विश्व के सभी राष्ट्र आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की चुनौतियों से लड़ने के लिए एकजुट हों। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात की संघीय राष्ट्रीय परिषद (एफएनसी) के छठे पूर्ण सत्र के दौरान एक असाधारण सत्र में सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने कहा 'यूएई में हाल ही में हुए आतंकी हमले की मैं कड़े और स्पष्ट शब्दों में निंदा करता हूँ। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों का सदैव विरोध किया है।'



उन्होंने कहा, 'वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता और सतत विकास के लिए यह आवश्यक है कि विश्व के सभी राष्ट्र आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की चुनौतियों से लड़ने के लिए एकजुट हों।' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, 'धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद से बढ़ते खतरों और लोगों की सुरक्षा के संबंध में भारत और यूएई की साझा चिंता वर्तमान क्षेत्रीय और वैश्विक परिदृश्य में हमारे सहयोग को नया आकार दे रही है।' बिरला ने कहा कि भारत और यूएई के बीच मित्रता और सहभागिता का एक लंबा इतिहास है तथा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय विषयों पर विचारों की समानता ने इस संबंध को और गहरा बनाया है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ राजनेताओं तथा नागरिकों की एक दूसरे के देशों में नियमित यात्राओं के कारण दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध रहे हैं तथा दोनों मुल्कों की जनता के स्तर पर भी संपर्क मजबूत रहे हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा और 2016 में अबू धाबी के शहजादा की भारत यात्रा का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) ने द्विपक्षीय संबंधों को एक नया आयाम देने के साथ साथ भावी आर्थिक विकास का आधार भी तैयार किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लिए मौका है कि वे एकजुट होकर अपनी मित्रता और साझेदारी को और सशक्त करें ताकि दोनों देशों की जनता को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

बिरला ने यूएई द्वारा पिछले वर्षों में लोकतंत्र को व्यापक आधार देने तथा संसद में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्णय का स्वागत किया। संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले भारतीय समुदाय के बारे में बिरला ने कहा कि प्रवासी समुदायों में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा है और इसने देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भारतीय समुदाय दोनों देशों को जोड़ने वाले एक सेतु की भूमिका निभा रहा है तथा उन्हें और अधिक निकट ला रहा है।

# सलमान खुर्शीद ने बीजेपी को बताया भयावह, चुनाव बाद सपा के साथ गठबंधन के दिए संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ कांग्रेस के गहरे वैचारिक मुद्दे हैं। फिर भी, उन्होंने कहा, कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बेदखल करना पसंद करेगी ₹क्योंकि वे बेहद भयावह रहे हैं₹। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए खुर्शीद ने कहा ने कहा कि सपा के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध नहीं हैं क्योंकि हमारे पास गहरे वैचारिक मुद्दे हैं। बड़े फ्रेमवर्क पर, हम बीजेपी को सत्ता से बाहर करना पसंद करेंगे क्योंकि वे बेहद भयावह रहे हैं। उत्तर प्रदेश में चौथे चरण का मतदान जारी है। खुर्शीद की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि कांग्रेस त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में राज्य में चुनाव के बाद के गठबंधन की दिशा में कांग्रेस की रणनीति का संकेत देती है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव प्रचार पर खुर्शीद ने कहा कि हम राज्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जोरदार तरीके से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, हमें वाड्रा द्वारा बनाई गई अभिनव रणनीतियों के प्रभाव को देखने के लिए इंतजार करने की जरूरत है। यूपी। आज नहीं तो कल वह राजनीति यूपी की सूरत बदलने वाली है। चौथे चरण के मतदान के बाद यूपी में राज्य की करीब 58 फीसदी सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएंगे। भाजपा और सपा दोनों ने राज्य में सरकार बनाने का भरोसा जताया है। वाड्रा ने प्रचार अभियान के दौरान कहा है कि कांग्रेस की पिच उन मुद्दों पर है जो लोगों के लिए तत्काल चिंता का विषय हैं। चौथे चरण के मतदान में आज पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बांदा और फतेहपुर जिले के 59 विधानसभा क्षेत्रों में 624 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

# 'ऑपरेशन बुल बुल' में एक नक्सल कमांडर मारा गया, दस लाख के ईनामी समेत नौ धरे गये

**रांची। (एजेंसी)**

झारखंड के लोहरदगा एवं लातेहार जिलों में बारह दिनों तक माओवादियों के खिलाफ चलाये गये 'ऑपरेशन बुलबुल' के दौरान सुरक्षा बलों ने कम से कम दस मुठभेड़ों में जहां दस लाख रुपये के ईनामी नक्सली जोनल कमांडर बलराम उरांव समेत नौ नक्सलियों को धर दबोचा। वहीं एक शीर्ष नक्सली को मार गिराया है। साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किया है। यहां झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवं महानिरीक्षक एवी होमकर ने बताया कि आठ फरवरी को लोहरदगा एवं लातेहार के बुलबुल जंगलों में शुरू हुए इस 'ऑपरेशन बुल बुल' अभियान में सुरक्षा बलों को भारी सफलता मिली और उन्होंने पूरे इलाके में न सिर्फ नक्सलियों की कमर तोड़ दी बल्कि लगभग पूरे इलाके से उन्हें खदेड़ दिया।

उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को संपन्न हुए इस नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों के साथ कार्रवाई में शामिल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के तीन जवान आइईडी विस्फोट में घायल हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने एक शीर्ष माओवादी को मार गिराया जिसकी पहचान की जा रही है। होमकर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने नौ संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा जिनकी पहचान कराने पर पता चला कि उनमें माओवादियों का जोनल कमांडर दस लाख रुपये का ईनामी बलराम उरांव, सबजोनल कमांडर दशरथ सिंह खेरवार, एरिया कमांडर मारकुश नगेसिया, शैलेश्वर उरांव, मुकेश कोरवा, विरेन कोरवा, शैलेन्द्र नगेसिया, संजय नगेसिया और शीला खेरवार शामिल हैं।

# भारत ने रद्द की अमेरिका से 30 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने की योजना, अपग्रेड किए जाएंगे हेरॉन ड्रोन

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

भारत ने अमेरिका से खरीदे जाने वाले 30 चालक रहित प्रीडेटर ड्रोन खरीदने की योजना रद्द कर दी है। सूत्रों के अनुसार भारतीय सेना के लिए प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की 3 अरब डॉलर की योजना को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। माना जा रहा है प्रीडेटर ड्रोन खरीदने की योजना इसलिए ठंडे बस्ते में डाल दी गई है, क्योंकि भारत ने इस तरह से ड्रोन बनाने की क्षमता हासिल कर ली है। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन को सूचित कर दिया गया है। भारत हर तरह के हथियारों और रक्षा उपकरणों का निर्माण और विकास अब स्वदेसी तकनीकी पर ही करना चाहता है। यही कारण है कि अमेरिका के साथ 3 अरब डॉलर का यह सौदा एक तरह से रद्द हो चुका है। प्रीडेटर ड्रोन सीमाई क्षेत्रों में दुश्मन की नापाक हरकतों को टोह लेती है और खुफिया जानकारी जुटा कर दुश्मन के ठिकानों पर हमल भी कर सकता है। यह ड्रोन 35 घंटे तक आसामान में टोह लेने में सक्षम है। हाल ही में 3 फरवरी को नरेंद्र मोदी की सरकार ने ड्रोन के आयात, मानव रहित वाहनों यानी यूएवी के अधिग्रहण पर पाबंदी लगा दी थी। हालांकि इस प्रतिबंध में सुरक्षा उद्देश्यों के लिए मानव रहित हवाई वाहनों के अधिग्रहण को छूट दी गई थी। फिर भी, इन्हें अधिग्रहण के लिए विशिष्ट मंजूरी की आवश्यकता है। रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि फिलहाल इस डील को रद्द ही समझा जाना चाहिए। पिछले साल रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) द्वारा जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों से लैस एमक्यू-9बी ड्रोन खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत भारत अमेरिका से 30 सशस्त्र 'प्रीडेटर' ड्रोन खरीदने की योजना बनाई गई थी। तीनों सेनाओं को इनमें से 10-10 ड्रोन मिलने वाले थे। तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले इन ड्रोन पर करीब 22,000 करोड़ रुपए (तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का खर्च आने वाला था। हालांकि भारतीय नौसेना पहले ही दो सर्विलांस प्रीडेटर ड्रोन अमेरिकी कंपनी से लीज पर ले चुकी है। इसका इस्तेमाल चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर दुश्मन के नापाक हरकतों के टोह लेने के लिए किया जा रहा है। प्रीडेटर ड्रोन को खरीदने की योजना इसलिए भी ठंडे बस्ते में डाल दी गई है क्योंकि भारत के पास इस तरह के ड्रोन को बनाने की क्षमता है। वर्तमान में भारत इजरायल के हेरॉन ड्रोन को अपग्रेड कर रहा है। प्रीडेटर टाइप के ड्रोन को हथियारों से लैस किया जा सकता है। इसमें मिसाइलों और लेजर-निर्देशित बमों को लगाया जा सकता है। सशस्त्र पेलोड के साथ एक प्रीडेटर प्लेटफॉर्म की कीमत लगभग 10 करोड़ डॉलर है, लेकिन इसे सुसज्जित करने में 27 घंटे का समय लगता है।

## सार समाचार

### बेटी को यूक्रेन से वापिस लाने के लिए मां ने मांगी सीएम हेल्पलाइन से मदद, जवाब मिला कि यूक्रेन के थाने में करें रिपोर्ट

भोपाल। रूस-यूक्रेन युद्ध की आशंका के बीच मध्य प्रदेश के कई परिवार तनाव में हैं। कई बेटे-बेटियां यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे हैं। और उनके परिजन सरकार से लगातार मदद की गुहार लगा रहे हैं। इस बीच एक हैरान करने वाली बात सामने आई है। उट हेल्पलाइन का इस मामले में बुरा हाल है। दरअसल इस पर एक मां ने अपनी बेटी को भारत लाने के लिए मदद मांगी। लेकिन मदद की जगह हेल्पलाइन से बोला गया कि यूक्रेन के थाने में शिकायत करें। महिला ने कहा कि उनकी बेटी को वापस लाने के लिए उन्होंने पीएमओ से भी अपील की है लेकिन फिलहाल कोई मदद नहीं मिली है। आपको बता दें कि एक मां ने अपनी बेटी को भारत लाने के लिए मदद मांगी तो जवाब मिला कि यूक्रेन के किसी थाने में शिकायत करें। एमपी के विदिशा जिले की मां की बेटी सृष्टि शेरी विल्सन यूक्रेन की राजधानी कीव में पढ़ाई कर रही है। युद्ध की आशंका के बीच वह भारत आना चाहती है, लेकिन उसे वापसी का कोई तरीका नहीं मिल रहा। जानकारी के अनुसार उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में कॉल किया, लेकिन समस्या का हल नहीं निकला। मां वैशाली विल्सन ब्लड बैंक में लैब टेक्नीशियन हैं। उनकी बेटी सृष्टि शेरी विल्सन यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। उसका वहां 5th सेमेस्टर चल रहा है। वहीं वैशाली ने कहा कि वो अपनी बेटी को युद्ध भरे माहौल से निकालने की लगातार कोशिश कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने कई बार कई अधिकारियों से भी बात करने का प्रयास किया लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल सका। और थक-हारकर जब उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर फोन कर मदद मांगी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर कॉल कर कहा कि उनकी बेटी यूक्रेन में फंसी है। उसे वापस लाने में उनकी मदद करें। तब उनसे कहा गया कि यूक्रेन के थाने में मामला दर्ज कराओ। वैशाली ने यह भी बताया कि उन्होंने पीएमओ में भी संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिली है।

### कश्मीर में बर्फबारी से जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद, वाहन फंसे, हवाई यातायात में देरी, ट्रेन सेवा निलंबित

श्रीनगर। हाल में जम्मू कश्मीर के कुछ हिस्सों में जमकर बर्फबारी हुई है। इस बर्फबारी की वजह से कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग को रामबन जिले में भूस्खलन और बर्फबारी के बाद बंद कर दिया गया है। भले ही आम लोगों के लिए बर्फबारी रोमांचक क्षण लाती हो लेकिन कहीं ना कहीं कश्मीर में इससे आम जिंदगी प्रभावित होती है। कश्मीर घाटी में बर्फबारी से श्रीनगर 'अंतर्राष्ट्रीय' हवाई अड्डे के लिए उड़ानों में देरी हुई और बारामूला-बनिहाल ट्रेन सेवा को भी बुधवार को निलंबित कर दिया गया। यातायात अधिकारियों के मुताबिक जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग राजमार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन/पत्थर गिरने और एनवीयूजी सुरंग के आसपास बर्फ जमा होने के कारण वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। राजमार्ग बंद होने की वजह से जगह-जगह वाहन फंस गए हैं। कैफिटेरिया मोड़ रामबन, मरूंग, पंथियाल और शेरबीबी में यातायात को रोका गया है। जम्मू या श्रीनगर से अब किसी भी वाहन को राजमार्ग पर जाने नहीं दिया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घाटी में भारी बर्फबारी के बाद बारामूला से बनिहाल के लिए ट्रेन सेवा निलंबित कर दी गई है वहीं श्रीनगर हवाई अड्डे ने केएनओ को बताया कि हवाईअड्डे पर लगातार बर्फबारी हो रही है जिसके बाद कम दृश्यता के कारण सभी एयरलाइनों की सभी उड़ानें देरी से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे पर लगातार बर्फबारी हो रही है। रनवे और एप्रन पर भी हमारा स्नो क्लियरिंग ऑपरेशन निरंतर प्रगति पर है। हालांकि दृश्यता केवल 400m ही है। इसी कारण सभी एयरलाइंस की उड़ानें देरी से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हम उड़ानों की स्थिति को लगातार अपडेट करेंगे।

### संजय राउत ने कहा-केंद्रीय एजेंसियां माफिया की भांति भाजपा के प्रतिद्वंद्वियों को बना रही हैं निशाना

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां माफिया की तरह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बना रही हैं जिन्होंने उनके झूठ को उजागर किया है। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि ईडी के अधिकारी पूछताछ के लिए मलिक को उनके घर से ले गए। राउत ने कहा, यह महाराष्ट्र सरकार के लिए एक चुनौती है। केंद्रीय एजेंसियां माफिया की भांति भाजपा के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बना रही हैं जो उनके झूठ को उजागर करते हैं। लेकिन सच की जीत होगी और लड़ाई जारी रहेगी। शिवसेना प्रवक्ता ने कहा, यह (पुराने मामले निकाल कर व्यक्तियों को निशाना बनाना) 2024 तक जारी रहेगा और उसके बाद उन्हें नतीजा भुगतना होगा। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि कुछ साल पहले भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने कुछ नेताओं के विरुद्ध एक शिकायत दर्ज कराई थी जो अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने सवाल किया, सम्मन क्यों नहीं जारी किये गए? गौरतलब है कि सोमैया ने नारायण राणे समेत कई नेताओं के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। राणे बाद में भाजपा में शामिल हो गए और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री हैं। राउत ने कहा, मैंने महा विकास आघाडी सरकार के सभी वरिष्ठ नेताओं से बात की है। मैं जल्द ही केंद्रीय जांच एजेंसियों के बारे में खुलासा करूंगा।

### करवट बदलेगा मौसम, अगले पांच दिनों में कई इलाकों में होगी वर्षा, पहाड़ी इलाकों में हिमपात

नई दिल्ली । अगले 5 दिनों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत उत्तर और पूर्वी भारत के कई इलाकों का मौसम करवट बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर-पश्चिम भारत, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि दिल्ली में बुधवार को हल्के बादल छाए रहेंगे। 25 और 26 फरवरी को हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी के अनुसार अगले दो दिनों के दरम्यान पर्वतीय राज्यों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान कुछ जगह गरज और बिजली गिरने का भी अनुमान है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तरी पंजाब व हरियाणा में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

राजधानी में बुधवार को आंशिक तौर पर बादल छाएंगे। अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 25 फरवरी की शाम को मौसम बदल सकता है और बूंदाबांदी हो सकती है और बादल छाएंगे। वहीं 26 फरवरी को येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा और 28 फरवरी को तापमान एक बार फिर 28 डिग्री पर पहुंच सकता है। नोएडा में 23 और 24 फरवरी को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के बुलेटिन में बताया गया है कि गुड़गांव में शुक्रवार को मौसम खुलेगा, लेकिन शनिवार को बारिश के आसार हैं। तब तक तेज हवा चलती रहेंगी।

# रूस-यूक्रेन में युद्ध हुआ तो भारत में बढ़ेगी महंगाई, प्रभावित होगा आम आदमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

रूस और यूक्रेन के बीच अगर युद्ध होता हैं या फिर तनाव लंबे समय तक खिंचता है, तो इसका सीधा असर भारत के आम आदमी पर भी पड़ सकता है। कुछ आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि तय है। विशेषज्ञों का मनना है कि प्राकृतिक गैस से लेकर गेहूं सहित विभिन्न अनाजों की कीमतों में इजाफा होगा।

यूक्रेन-रूस संकट ने ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत को 96.7 डॉलर प्रति बैरल पर धकेल दिया है, जो सितंबर 2014 के बाद से सबसे अधिक है। आपको बता दें कि रूस कच्चे तेल के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। मौजूदा संकट से आने वाले दिनों में कीमतों में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक की बढ़ोतरी हो सकती है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का वैश्विक जीडीपी पर प्रभाव पड़ेगा।

विश्लेषकों के अनुसार तेल की कीमतों में 150 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी से वैश्विक जीडीपी विकास दर घटकर सिर्फ 0.9 फीसदी रह जाएगी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) बास्केट में कच्चे तेल से संबंधित उत्पादों की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी 9 प्रतिशत से अधिक है। इसलिए, ब्रेंट क्रूड की कीमतों में वृद्धि, भारत की डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में लगभग 0.9 प्रतिशत की वृद्धि करेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध होता है तो घरेलू प्राकृतिक गैस (सीएनजी, पीएनजी, बिजली) की कीमत दस गुना बढ़ सकती है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से एलपीजी और केरोसिन पर सब्सिडी बढ़ने की उम्मीद है।

हाल के कुछ वर्षों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण पूरे भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में काफी इजाफा देखने को मिला है। भारत ने 2021 में ईंधन की कीमतों के मामले में रिकॉर्ड ऊंचाई देखी। यदि रूस-यूक्रेन संकट जारी रहता है, तो भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि देखने को मिल सकती है। आपको बता दें कि तेल भारत के कुल आयात का लगभग 25 प्रतिशत है। भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी से ज्यादा तेल आयात करता है। तेल की कीमतों में तेजी का असर चालू खाते के घाटे पर पड़ेगा।

यदि काला सागर क्षेत्र से अनाज के प्रवाह में रुकावट आती है, तो विशेषज्ञों को डर है कि इसका कीमतों और ईंधन खाद्य मुद्रास्फीति पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। रूस दुनिया का शीर्ष गेहूं निर्यातक है, जबकि यूक्रेन गेहूं का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है। दोनों देशों देश मिलकर कुल वैश्विक निर्यात का लगभग एक चौथाई निर्यात करते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, आपूर्ति श्रृंखलाओं पर महामारी के प्रभाव के कारण बड़े पैमाने पर खाद्य कीमतें एक दशक से भी अधिक समय में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। आने वाले दिनों में ऊर्जा और




खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। रूस पर प्रतिबंधों की आशंकाओं के बीच, पैलेडियम, ऑटोमोटिव एग्जॉस्ट सिस्टम और मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाली धातु की कीमत हाल के हफ्तों में बढ़ गई है।



# 'हिज़ाब विवाद' को लेकर ट्विटर पर भिड़े शर्लिन चोपड़ा और वीर दास

कर्नाटक के शुरू हुआ हिजाब विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मुद्दे पर लगातार लोगों की बयानबाजी जारी है। इसी बीच इस विवाद को लेकर एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा और वीर दास आपस ट्विटर पर आपस में भिड़ते नजर आए हैं। शर्लिन ने हिजाब विवाद का उल्लेख करते हुए वीर दास पर निशाना साधा है, जिस पर वीर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

शर्लिन चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए लिखा, हम ऐसे भारत में रहते हैं, जहां मुस्कान को कानून का उल्लंघन करने के लिए पुरस्कार दिया जाता है। वहीं शैक्षणिक संस्थानों में समान नागरिक संहिता की वकालत करने के लिए हर्ष का मर्डर किया जाता है। वीर दास अगली बार आप इसे अपने एक्ट में जरूर लें।

शर्लिन चोपड़ा के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए वीर दास ने लिखा, प्यारी शर्लिन, मैं अभी भी अपना अगला एक्ट लिख रहा हूं। इसलिए थोड़ा समय लगा। आपको पता है ऐसी चीजों के लिए समय और रिसर्च करना पड़ता है। मैं आपको भी ऐसा करने का सुझाव दूंगा। आपने जो सुझाव मुझे दिए हैं, वह आप अगले एक्ट में भी उपयोग करें।

शर्लिन चोपड़ा ने वीर दास पर पलटवार करते हुए नए ट्वीट में लिखा- क्या आपने गंभीरता से रिसर्च किया था अगर किया होता तो आप दो भारत होने की बात नहीं कहते। भारत में एनआरसी, सीएए, किसान कानून और समान नागरिक संहिता के विरोध में आपातकाल नहीं लगाया है। इसी के चलते आप जैसे लोग भारत को विश्व स्तर पर बदनाम करने में सफल होते हैं।

बता दें, कर्नाटक के हिजाब विवाद में मुस्कान को हिजाब बैन का विरोध करने पर 5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया था। वहीं हर्ष को हिजाब का विरोध करने पर जान से मार दिया गया है।

# फ्लाइट में एयरहॉस्टेस का बुरा व्यवहार देख फूटा चित्रांगदा सिंह का गुस्सा

## बोलीं-इन्हें तोड़ी तमीज सिखाएं, इतना घमंडी रवैया मैंने आजतक नहीं देखा



एक्ट्रेसेस के साथ फ्लाइट में अक्सर बुरे व्यवहार की खबरें सामने आती रहती हैं, जिसे लेकर एक्ट्रेसेस ने कई बार एयरलाइन कंपनियों को शिकायत भी की है। पिछले दिनों सुशांत सिंह राजपूत की एक्ट्रेस संजना सांघी के साथ फ्लाइट में किसी ने बदतमीजी की थी, जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने माफी की मांग की थी। वहीं अब मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह के साथ फ्लाइट के अंदर बुरे व्यवहार हुआ, जिसके बाद एक्ट्रेस का गुस्सा एयरलाइंस कंपनी पर फूटा है।

चित्रांगदा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फ्लाइट के अंदर की क्लिप शेयर की है,जिसमें उन्होंने एयरलाइन कंपनी की एयरहोस्टेस के बुरे व्यवहार की शिकायत की है। इस क्लिप के साथ चित्रांगदा ने लिखा, गो एयर (त्नश स्न्द्बह्लह्यह्व) की दिल्ली से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 391 में अब तक की सबसे खराब और बदतमीज एयरहॉस्टेस हैं। प्लीज आप सभी इन्हें तोड़ी तमीज सिखाएं। इससे यादा घमंडी रवैया मैंने आजतक नहीं देखा। इन सभी से बेहद निराश हूं। इससे मुझे एयर इंडिया का घटिया एक्सपीरियंस याद आ गया।

अगली स्टोरी में चित्रांगदा ने लिखा, यह घटना मेरे साथ नहीं बल्कि मेरे साथ बैठे व्यक्ति के साथ हुई थी, जिसके साथ एयरहॉस्टेस ने बहुत बुरा व्यवहार किया। जबकि उस व्यक्ति ने बेहद तमीज से बात की थी। क्रू को ऐसे गुस्से से बात नहीं करनी चाहिए।

एक्ट्रेस का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और फैंस कमेंट कर इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

वर्कफ्रंट पर, सुधीर मिश्रा की फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली चित्रांगदा सिंह ने साली जिंदगी, देसी बॉयज, इनकार, बाजार जैसी फिल्मों में काम किया है।


# बेस्टसेलर में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से लोगों का दिल जीत रहे हैं अर्जन बाजवा



एक्टर अर्जन बाजवा हिंदी सिनेमा में एक ऐसा नाम है जिन्होंने अपने चार्म, इंटेंसिटी, और दमदार परफॉर्मेंस से लाखों दिलों को जीता है। लड़के तो उनके फैन हैं ही पर लड़किया भी उनकी ग्रे आइस और स्माइल की दीवानी हैं। अर्जन की बेस्टसेलर अभी पिछले हफ्ते ही अमेजॉन पर रिलीज़ हुई है, और अब उनके फैंस उनकी दमदार परफॉर्मेंस और लुक पर भी कायल हुए जा रहे हैं।

कई नामचीन क्रिटिक्स ने बेस्टसेलर की जमकर सराहना की, और उनकी परफॉर्मेंस ने लोगों के दिलों पर एक छाप छोड़ दी हैं। अर्जन बाजवा एक बहुत बड़े और नामचीन राइटर हैं जिनका नाम ताहिर वज़ीर. एक दिन ताहिर वज़ीर एक कॉफी शॉप में पहुंचते हैं जहां उनकी मुलाकात होती है श्रुति हसन से जो बताती है कि वो उनकी बहुत बड़ी फैन...और बस यहीं शे शुरू हो जाता है खेल।

श्रुति के हाथ में चोट के निशान देखकर ताहिर उनके दर्द पर किताब लिखना शुरू करते हैं। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसी घटनाएं घटती हैं जो ताहिर पर शक करने पर मजबूर कर देती है।



# गंगूबाई काठियावाड़ी के डायलॉग की नकल करने वाली बची के वायरल वीडियो पर आलिया ने तोड़ी चुप्पी- अगर उनके माता-पिता को दिक्कत नहीं तो...

एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर खूब चर्चा में हैं। फिल्म बहुत जल्द यानि इस शुक्रवार को पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। इससे पहले आलिया जमकर फिल्म को प्रमोट कर रही हैं और इसका विरोध कर रहे लोगों की सारी आशंकाएं को दूर करने की पूरी कोशिश कर रही हैं। बीते दिनों कंगना रनौत ने फिल्म से आलिया के डायलॉग की नकल करने वाली छोटी लड़की के वीडियो पर आपत्ति जताई थी, जिसका हाल ही में मिस भट्ट ने जवाब दिया है।

हाल ही में मीडिया के साथ बातचीत में आलिया भट्ट ने उस छोटी लड़की के वायरल वीडियो की आलोचना को लेकर कहा- उन्हें ये आपत्तिजनक नहीं लगा और इसे उत्साह में बनाया गया था। मुझे लगा कि ये बहुत प्यारा है। मैं ये मान रही हूं कि ये किसी बुजुर्ग की देखरेख के बिना नहीं हुआ। अगर माता या पिता या बहन को इससे दिक्कत नहीं है तो मुझे नहीं लगता है कि हम लोगों को इससे कोई समस्या होनी चाहिए।

बता दें, बीते दिनों फिल्म में आलिया भट्ट के डायलॉग की नकल करने वाली छोटी लड़की वीडियो की आलोचना करते हुए कंगना ने कहा था, सरकार को ऐसे सभी माता-पिता के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेना चाहिए जो एक ऐसी फिल्म के प्रमोशन से पैसा कमाने के लिए नाबालिग बचों का यौन उत्पीड़न कर रहे हैं जो एक मशहूर वेश्या और उसके दलाल की बायॉपिक है जिन्होंने अपनी ताकत बढ़ाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को लड़कियां सप्लाई की थीं। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी जी कृपया इसमें दखल दें।

कंगना ने अपने पोस्ट में आगे लिखा था- क्या इस बची को मुंह में बीड़ी लेकर अश्लील डायलॉग्स बोलते हुए सेक्स वर्कर की नकल करनी चाहिए? इसकी बॉडी लैंग्वेज देखिए? क्या इस उम्र पर इसे कामुक दिखाया जाना ठीक है? ऐसे सैकड़ों और भी बचे हैं जिनका ऐसे इस्तेमाल किया जा रहा है।

जानकारी के लिए बता दें संजय लीला भंसाली का डायरेक्शन में बनी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी 25 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कंगना रनौत की 'कैदी' नंबर 3 हैं पूनम पांडे, अब खानी पड़ेगी जेल की हवा



ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित होने वाले बहुप्रतीक्षित रियलिटी शो लॉक अप को लेकर चर्चा दिनों दिन बढ़ रही है। मुंबई में हुए ग्रैंड लॉन्च में शो होस्ट के रूप में उग्र कंगना रनौत की घोषणा करने के बाद से, दर्शक अपनी स्क्रीन पर एक्शन, ड्रामा और गॉसिप देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

अगले प्रतियोगी के बारे में कई अफवाहों और अटकलों के बीच, निर्माताओं ने पुष्टि कर दी है कि पूनम पांडे, कंगना के लॉक अप में निशा रावल और मुनाव्वर फारुकी के साथ शामिल होने वाली तीसरी कैदी होंगी। मॉडलिंग और इंटरनेट की दुनिया में एक लोकप्रिय नाम पूनम ने 2013 में नशा के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। उनके नाम ने निस्संदेह इस निडर कैप्टिव रियलिटी सीरीज़ में अधिक चमक और ग्लैमर जोड़ दिया है, जिससे हॉटनेस का स्तर एक पायदान ऊपर चला गया है।

पूनम पांडे ने साझा किया, मैं सभी को यह बताते हुए बहुत उत्साहित हूं कि मैं भारत के सबसे बड़े कॉन्ट्रोवर्शियल शो लॉक अप का हिस्सा हूं। मुझे नहीं पता कि वहां क्या होगा क्योंकि मैंने जो कुछ भी पढ़ा है और शो के बारे में देखा है, मैं समझ गयी हूं कि मुझे अपनी बेसिक जरूरतों के लिए भी टास्क करना होगा और इस लॉक-अप में कोई लक्ज़री नहीं है। इसलिए मुझे नहीं पता कि मैं इसे कैसे सर्वाइव करूंगी, लेकिन मैं इसके लिए नर्वस और उत्साहित दोनों हूं।

इस शो को बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत होस्ट करेंगी। इसमें 16 कॉन्ट्रोवर्शियल सेलेब्रिटीज़ उन सुविधाओं के बिना महीनों तक जेल में बंद रहेंगे जिन्हें हम आम तौर पर फ़ॉर ग्रांटेड लेते हैं।यह शो 27 फरवरी 2022 में प्रीमियर के लिए तैयार है। ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर इस शो को अपने-अपने प्लेटफॉर्म पर 24×7 लाइव स्ट्रीम करेंगे और दर्शकों को प्रतियोगियों के साथ सीधे बातचीत करने की भी अनुमति देंगे।

# अफसाना खान की शादी में होने वाली भाभी हिमांशी संग खूब थिरके उमर रियाज,देवर-भाभी की तस्वीरों ने लूटी महफिल



पंजाबी सिंगर अफसाना खान ने 20 फरवरी को मंगेतर साज संग सात फेरे लिए। कपल की शादी की तस्वीरों ने इंटरनेट पर खूब धमाल मचाया। अफसाना की शादी में बिग बॉस से जुड़े कई कंटेस्टेंट ने शिरकत की लेकिन जिन 2 लोगों के चर्चे सबसे ज्यादा है वह है हिमांशी खुराना और उमर रियाज। अफसाना की शादी से देवर-भाभी की कई तस्वीरें वायरल हुईं जो इसमें सुर्खियों में हैं।

तस्वीरों में उमर रियाज हो वाली भाभी संग जमकर थिरक रहे हैं। लुक की बात करें तो हिमांशी डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की डिजाइनर ब्लैक साड़ी में बला की खूबसूरत दिखीं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, स्ट्रेट हेयर से लुक को कंप्लीट किया। इसके साथ ही चोकर और ईयरिंग्स उनके लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। वहीं उमर रियाज ब्लैक अटायर में काफी जच रहे हैं।

तस्वीरों में उमर रियाज और हिमांशी खुराना काफी खुश दिख रहे हैं। इन तस्वीरों से साफ जाहिर है कि भाभी-देवर की इस जोड़ी ने अपने दोस्तों संग अफसाना की शादी में खूब एंजॉय किया। फैंस उमर और हिमांशी की तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। गौरतलब है कि उमर रियाज आसिम रियाज के बड़े भाई हैं। वह पेशे से डॉक्टर हैं। उमर बिग बॉस 15 में नजर आए थे। इस दौरान उनकी रश्मि देसाई संग बढ़ती नजदीकियों ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। फैंस इस जोड़ी को काफी पसंद करता है हालांकि उमर और रश्मि दोनों ही एक-दूसरे को अपना अच्छा दोस्त बताते हैं। वहीं हिमांशी की बात करें तो आसिम से उनकी मुलाकात बिग बॉस 13 के दौरान हुई थीं। आसिम ने शो के दौरान हिमांशी को प्रपोज किया था। वहीं हिमांशी ने भी आसिम के लिए अपना सालों पुराना रिश्ता तोड़ दिया था।

# बोल्ड तस्वीरें शेयर कर अमेरिकर सिंगर ने इंटरनेट पर बरपाया कहर

अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस सियारा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहने वाली सेलेब्स में से एक हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 30.9 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं। उनका कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाता है। हाल ही में सिंगर ने अपनी कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब देखी जा रहा हैं।

लुक की बात करें तो इस दौरान सियारा ब्लू डेनिम और



ब्लैक कलर के बॉडीसूट में नजर आ रही हैं।

ट्रांसपेरेंट ब्लैक कपड़े से उनके क्लीवेज भी नजर आ रहे हैं, जो उनके लुक को बोल्ड बना रहे हैं।

इस लुक को सिंगर ने न्यूड मेकअप और ओपन हेयर्स के साथ कंप्लीट किया है और दीवार के साथ सटकर एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

# बड़ें ब्रांड्स की पहली पसंद हैं तापसी पन्नू



अभिनेत्री तापसी पन्नू न केवल अपनी बैक-टू-बैक हिट के साथ, बल्कि शीर्ष ब्रांडों के लिए अपने हस्ताक्षर करने की होड़ के साथ भी सफलता की बुलंदियों को छू रही है। जब बात प्रमुख विज्ञापनों की आती है तो अभिनेत्री इनकी पहली पसंद बन जाती है।

तापसी के पास पर्सनल केयर, फैशन, एफएमसीजी, कॉस्मेटिक्स, हेल्थकेयर आदि से लेकर विभिन्न श्रेणियों में ब्रांड एसोसिएशनों की एक प्रभावशाली सूची है। अभिनेत्री 12 से अधिक ब्रांडों का चेहरा है और हम सुनते हैं कि वह बहुत अधिक के साथ बातचीत कर रही है। उनके लोकप्रिय ब्रांड एंडोर्समेंट में वोग आईवियर, निविया, हॉर्लिक्स, नॉइज़, गार्नियर, डाबर, शुगर कॉस्मेटिक्स आदि शामिल हैं। शाबाश मिठू, धुंधला, दोबारा, वो लड़की है कहां जैसी बड़ी-बड़ी परियोजनाओं के साथ उनके अपने प्रोडक्शन हाउस आउटसाइडर्स फिल्म्स के लिए ढेर सारे प्रोजेक्ट्स के साथ, यह कहना सुरक्षित है कि जब भारतीय उपभोक्ताओं की बात आती है तो तापसी सबसे अधिक मांग वाले अभिनेताओं और भरोसेमंद नामों में से एक है।

तापसी ने शेयर किया, मैं हमेशा उन उत्पादों का विज्ञापन करना चाहती थी जिनका मैं स्वयं उपयोग करती हूं या संभवतः उपयोग कर सकती हूं। बड़े होने के दौरान, जब मैंने अभिनेताओं को उत्पादों और ब्रांडों का प्रचार करते देखा, तो मैंने हमेशा सवाल किया कि क्या वे स्वयं भी उनका उपयोग करते हैं। इसलिए मैंने सुनिश्चित किया कि मैं इसे बनाए रखूं। ध्यान में रखते हुए जब मैं ब्रांडों पर हस्ताक्षर करता हूं। मैंने जिन ब्रांडों पर हस्ताक्षर किए हैं, उनमें से अधिकांश का उपयोग मैंने उनके ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए मेरे पास पहुंचने से पहले किया था और अब हाल ही में इतने सारे नए स्टार्टअप के साथ मैंने नए ब्रांडों को मेरे पास पहुंचते देखा है। जो जीवन में मेरी विचारधारा से प्रतिध्वनित होते हैं।

# अप्लॉज एंटरटेनमेंट और डिज़्नी + हॉटस्टार की आगामी वेब सिरीज़ 'रुद्र'

## ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अब तक की सबसे प्रत्याशित पेशकश होगी!

बॉलीवुड तड़का टीम. भारत और दुनिया भर में ओटीटी की विशालता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस के साथ समीर नायर की अप्लॉज एंटरटेनमेंट एक भारतीय संदर्भ में लूथर जैसी प्रतिष्ठित और विश्व स्तर पर सफल ब्रिटिश सीरीज को फिर से जीवंत कर रहे हैं। बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, यह शो एक मनोरंजक कहानी के साथ एक हाई-ऑक्टेन क्राइम थ्रिलर का वादा करती है और यह अजय देवगन जैसे भारतीय सुपरस्टार को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लंबे प्रारूप की सामग्री लाने वाला पहला भी है।

मजबूत किरदार के साथ, यूनिक स्टोरीटेलिंग को एक साथ महत्वाकांक्षी पैमाने पर लेकर आने के साथ, शो में एक परेशानी से घिरे पुलिस वाले की जर्नी को बताया गया है, जिसे गुनाह की अँधेरी दुनिया में सच की तलाश रहती है। ऐसे में अप्लॉज हर तरह के अलग फॉर्मेट्स के साथ अलग जॉनर्स को लेकर आ रहा है, और इस तरह से वह इस बार गुनाहों की दुनिया में गुनहगारों की झलक रुद्रा में दिखाने जा रहा है। निर्देशक राजेश मापुस्कर द्वारा निर्देशित इस सीरिज से अजय देवगन



अपना ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, इस शो को मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित स्थानों पर शूट किया गया है। अजय देवगन के अलावा इस शो में राशि खन्ना, ईशा देओल, अतुल कुलकर्णी, अश्विनी कलसेकर, तरुण गहलोत, आशीष विद्यार्थी और सत्यदीप मिस्त्र भी अहम भूमिका में नज़र आयेंगे।

मेगा सुपरस्टार, अजय देवगन एक दमदार कॉन्टेंट के साथ डिजिटल स्ट्रीमिंग की दुनिया में प्रवेश करने के लिए बेहद उत्सुक थे और अब वे अप्लॉज के एक शो के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस शो में अजय देवगन एक ऐसे किरदार में नज़र आयेंगे जिसे भारतीय एंटरटेनमेंट में पहले कभी नहीं देखा गया है।

बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस आपको अपनी ओर आकर्षित करने के लिए पूरी तैयार है। 4 मार्च 2022 को रिलीज होनेवाले इस शो को हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली में भी रिलीज़ किया जाएगा जो विशेष रूप से डिज्नी + हॉटस्टार पर उपलब्ध होगा।

# निर्वाचन कार्ड होने के बावजूद लोग नहीं डाल सके वोट

विवेक राय



लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। लोगों ने बढ़चढ़कर मतदान किया। सुबह से ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें नजर आई। नौ विधानसभा क्षेत्रों में से मोहनलालगंज विधानसभा में सुबह 11 बजे तक सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, दूसरी ओर वोटर लिस्ट में नाम न होने की वजह से काफ़ी संख्या में लोग वोट नहीं डाल पाए, इससे लोग आक्रोशित रहें। रीना सिंह, मुकेश सिंह, सरोज कुमारी सहित कई लोगों की वोट नहीं पड़ सकी। शाम पाँच बजे तक 56.37 प्रतिशत तक मतदान हुआ। दिव्यांगो के लिए नहीं रही कोई व्यवस्थाः मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धर्मंगत खेड़ा पोलिंग बूथ में वोट डालने आए दिव्यांग के लिए व्हीलचेयर मौजूद नहीं रही। उसे खुद ही मशक्कत करके वोट डालना पड़ा। वहीं, दूसरी ओर नवजीवन इंटर कॉलेज पोलिंग बूथ में वोट डालने आए दिव्यांग सोनू मिश्रा को आधे घंटे तक धूप में रहना पड़ा और गेट पर ताला लगा रहा। जिम्मेदार नदारद रहें।

# मतदान मेरा अधिकार ही नहीं जिम्मेदारी भी : नरेश रावत

रवि शंकर तिवारी



लखनऊ । कहते हैं कि कुछ करने की इच्छा शक्ति हो तो कोई भी बाधा रोक नहीं सकती। बुधवार को विधानसभा चुनाव 2022 के लिए ब्वायज एंग्लो बंगाली इंटर कालेज में बेटे के साथ मतदान करने पहुंचे 69 वर्षीय नरेश कुमार रावत दूसरों के लिए मिसाल बने। एक हाथ पहले ही कट गया था, दूसरा हाथ व शरीर भी 100 फीसद पैरालाइज है। फिर भी मतदान के प्रति उनका उत्साह बना रहा। वोट डालने के बाद नरेश ने कहा, मतदान करना सिर्फ हमारा अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। सुंदर बाग निवासी नरेश कुमार रावत सुबह 10 बजे अपने छोटे बेटे अतुल कुमार रावत के साथ वोट देने पहुंचे। अतुल कंपनी सेक्रेटरी लखनऊ चैप्टर के पूर्व चेयरमैन हैं। उन्होंने बताया कि 40 साल पहले एक बस दुर्घटना में पापा नरेश कुमार रावत का दाहिना हाथ कट गया था। उसके बाद वर्ष 2000 में बाएं हाथ व शरीर पैरालाइज हो गया। लेकिन, पापा हमेशा वोट देने आते हैं। आज भी सुबह 10 बजे पापा वोट देने के लिए पहुंचे। इस दौरान जिन व्हील चेयर पैर बैठाया गया, उसके पैर रखने का हिस्सा टूटा हुआ था, फिर भी किसी तरह दोनों पैरों को बांध कर केंद्र के अंदर ले जाया गया। वोट डालने के बाद पापा काफी खुश थे। नए वोटरों में दिखा उत्साह, वोट डालकर ली सेल्फीः विधान सभा चुनाव में बहुत से युवाओं में पहली बार वोटर बनने का जज्बा साफ नजर आया। सुबह से ही केंद्रों पर ऐसे युवा वोटर मतदान डालने के लिए पहुंचने लगे। वोट डालने के बाद इन युवाओं ने केंद्र पर बने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी खींची और इंटरनेट मीडिया पर अपलोड कर दिया। किसी ने लिखा 'वोट मेरा अधिकार'। 'मैंने दिया पहला वोट, आप भी जरूर दीजिए'। पहली बार वोट देना बहुत अच्छा लगा। आरएलबी स्कूल सर्वोदय नगर इंदिरा नगर में मतदान किया। अपना वोट शहर और प्रदेश के विकास को ध्यान में रखकर दिया है। -अंशिका विकास अस्थाना, छात्रा, बीबीए आइबी केकेसी सरस्वती विद्या मंदिर बड़ा बरहा आलमबाग में पहली बार मतदान किया है। हर व्यक्ति को अपने मतदान जरूर करना चाहिए। -नंदिनी पाल, बीए तीसरा सेमेस्टर, नेशनल पीजी कालेज पहली बार वोट देने का मौका मिला तो अलग ही खुशी थी। मैंने सुबह जानकीपुरम के ब्राइट वे कॉलेज मतदान केंद्र पर अपना पहला वोट डाला। -भूमि त्रिपाठी, बीए तीसरा सेमेस्टर, नेशनल पीजी कालेज। सेंट्रल एकेडमी इंदिरा नगर स्थित मतदान केंद्र पर पहली बार वोट देने का मौका मिला। अच्छा लगा। आने वाले अच्छे कल के लिए वोट दिया है। -शिक्षा चंद्रा, केकेसी बीए तृतीय वर्ष

पहली बार मतदान करना अच्छा लगा। मतदान मेरा अधिकार ही नहीं बल्कि मेरी जिम्मेदारी भी है। मतदान ऐसी शक्ति है जिसका उपयोग कर मैं एक योग्य व्यक्ति को चुन सकता हूं।

# चौथे चरण का मतदान शांति पूर्वक हुआ सम्पन्न

संवाददाता






लखनऊ। चौथे चरण के मतदान के दौरान उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह दिखा। यहां सुबह से ही लोग बिना नाश्ता किये ही घरों से निकल आये थे और मतदान के लिए लाइन में लग गए। जिसके बाद लोगो ने अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट दे कर कोई दूसरा काम शुरू किया। चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से मतदान के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नज़र आया पश्चिमी क्षेत्र में डीसीपी सोमेन बर्मा इलाके में सभी पोलिंग बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेते दिखे। पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न कराने के उद्देश्य से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कमिश्नरेट की 9 विधानसभा क्षेत्रो में से 3 विधानसभा क्षेत्र आंशिक हैं जिसमे मलिहाबाद, मोहनलालगंज, बीकेटी शामिल हैं। सभी 9 विधानसभा क्षेत्रो में 1103 मतदान केन्द्रों में 3834 पोलिंग प्लेस बनाये गए थे। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों की टुकड़िया भी लगाई गई थीं साथ ही सादे कपड़ो में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था । मतदान के दौरान मतदाताओ के लिए प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों को लेकर मतदाता कहीं संतुष्ट दिखे तो कहीं प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों में कुछ कमियां गिनाते भी नजर आए।

**(मतदान कर्मियों पर लगा सुस्ती करने का आरोप)**

उत्तरी विधानसभा में नगर निगम ज़ोन 6 के नगर अभियंता के कार्यालय पर बने पोलिंग बूथ पर लोगो ने मतदान कर्मियों पर सुस्ती से मतदान कराने की शिकायत की । लोगो ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस मतदान केंद्र पर बीएलओ नज़र नही आ रहे हैं साथ ही पोलिंग बूथ में मौजूद मतदान कर्मियों द्वारा सुस्ती के चलते मतदान का परसेंटेज कम रहेगा।

**(कई लोगो के नाम हुए मतदाता सूची से ग़ायब)**

वहीं उत्तरी विधानसभा में कई लोगों ने मतदाता सूची से उनका नाम ग़ायब होने की शिकायत भी की । यहां हुसैनाबाद निवासी सलमा बेबी, नसरीन के बेटे मो. वाजिद व हुसैनाबाद निवासी शबनम ने वोटर लिस्ट से नाम गायब होने की शिकायत की साथ ही हुसैनाबाद निवासी सैय्यद अम्बरदार हुसैन ने बताया कि उनके घर के 15 लोगो के नाम वोटर लिस्ट से गायब थे जिस कारण उनका परिवार मतदान नही कर सका।

**(दिव्यांग मतदाताओं के लिए दी गयी टूटी व्हीलचेयर)**

वही पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के राजाजी पुरम इलाके में सेन्ट जेंम्स मिशन स्कूल में बने मतदान केंद्र में दिव्यांगों के लिए टूटी व्हीलचेयर रखी मिली जिसका वोट डालवाने आए बुजुर्ग के परिजनों ने विरोध जताया ।

**(पोलिंग बूथ के निकट चुनाव चिह्न के प्रदर्शन पर हुई बहस)**

पार्टियों के कार्यकर्ताओं में चुनाव चिन्ह के प्रदर्शन को लेकर बहस भी हुई । पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कालीचरण इंटर कॉलेज पोलिंग बूथ के निकट मतदाताओं की वोटिंग की पर्ची बना रहे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साइकिल चुनाव चिह्न के छपे थैले पर जब निर्वाचन के अधिकारियों सहित पुलिसकर्मियों के द्वारा टोका गया तो कार्यकर्ता नाराज़ हो गए निर्वाचन के अधिकारियों व पुलिसकर्मियों पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा की कमल के फूल चुनाव चिन्ह छपी साड़ियों को पहने बीजेपी की महिलाएं बैठी हैं आपकी टीम द्वारा उनको क्यो नही मना किया जा रहा है जिसके बाद टीम द्वारा उन महिलाओं को भी वहां से हटाया गया।

**(दिव्यांगों को नहीं उपलब्ध हुई व्हीलचेयर)**

जिलाधिकारी लखनऊ के सख्त आदेश थे दिव्यांगों को मतदान के लिए हर पोलिंग बूथ पर व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाए इसके बावजूद लखनऊ उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद में यूनिटी कॉलेज दिव्यांग 3 घंटे तक खड़े व्हीलचेयर का इन्तिज़ार करते रहे किन्तु व्हीलचेयर ज़िम्मेदार अधिकारियों द्वारा उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध नही करायी जा सकी।

**(102 वर्षीय महिला ने बूथ पर पहुँच कर किया मतदान)**

मतदान को लेकर दिव्यांग व बुज़ुर्गों में भी जागरूकता देखने को मिली यहां उत्तरी विधानसभा के मुफ़्तीगंज मुबारक का हाता निवासी 102 वर्षीय बुजुर्ग महिला नाज़ुक जहां भी अपने मत का इस्तेमाल करने न्यू सेन्ट जॉन्स इण्टर कॉलेज पहुँची थी । नाज़ुक जहां का कहना था बहुत परेशानी से वो बूथ तक पहुँची हैं वोट डालने किसी तरह का कोई साधन नही था लेकिन मेरे एक वोट की भी क़ीमत है मेरा वोट किसी को कामयाबी दिलाएगा।

# अखिलेश को सीएम बनाने के लिए जनता ने कसी कमर : राजेन्द्र चौधरी

## कहा, चौथे चरण में 50 सीटों पर सपा को मिला जनता का प्रबल समर्थन

कुलदीप त्यागी



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि राज्य विधानसभा के चुनाव में तीन चरणों में समाजवादी पार्टी ने जो ऐतिहासिक बढ़त बनायी थी वह चौथे चरण के मतदान के बाद बहुमत के जनादेश में परिवर्तित हो गयी है। आज चौथे चरण के मतदान के बाद 9 जनपदों की 59 सीटों के लिये मतदान में 50 सीटों पर जनता का प्रबल समर्थन समाजवादी पार्टी और गठबंधन को मिला है।राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के कुशासन और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता ने मतदान किया है। भाजपा नेताओं के भ्रामक दुष्प्रचार की सच्चाई उजागर हो गयी है। जनता ने उत्तर प्रदेश को खुशहाल और समृद्ध बनाने के लिये श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट दिया है। सुबह से पोलिंग बूथों पर लम्बी कतारें उत्तर प्रदेश में बदलाव का संदेश दे रही है। सम्मानित जनता ने भाजपा को सबक सिखा दिया है। अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिये जनता ने कमर कस ली है।

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में विभिन्न प्रबुद्ध संगठनों, बुद्धिजीवियों और सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के पक्ष में अपील जारी कर समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशियों को समर्थन दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो0 रूपरेखा वर्मा, लखनऊ विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो0 रमेश दीक्षित जिन्होंने संविधान बचाओ अभियान के माध्यम से भाजपा सरकार की संविधान विरोधी कृत्यों को उजागर किया और एकता परिषद के संस्थापक, भूमि सुधार आंदोलन के तहत लाखों मजदूरों-किसानों के साथ दिल्ली तक की पदयात्रा करने वाले राजागोपाल पी.वी. (राजा जी) सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों एवं संस्थाओं ने जनता के बीच जाकर अखिलेश यादव के लोकतांत्रिक और जनहितैषी चरित्र को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनाने हेतु जनसमर्थन की अपील की है।

# बेरोजगार युवकों को बिदेशो में रोजगार मुहैया कराने हेतू यह प्रतिष्ठान मील का पत्थर सावित होगा : गुड्डू खान

संवाददाता

महराजगंज/नौतनवा। महराजगंज जिले के नौतनवा गौशाला रोड नियर मॉर्डन एकेडमी स्कूल नौतनवा में बेरोजगारों को बिदेशो में रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से खुले नवीन प्रतिष्ठान बरकाती ओवरसीज सेन्टर का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने रिबन काटकर किया उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने बताया कि ''बेरोजगार युवकों को बिदेशो में रोजगार मुहैया कराने हेतू यह प्रतिष्ठान मील का पत्थर सावित होगा,यह प्रतिष्ठान बेरोजगारों को विभिन्न ट्रेडों में रोजगार देने के लिए वीजा उपलब्ध कराता है। प्रतिष्ठान ने बेरोजगार युवाओं की शंकाओं को दूर करते हुए बताया कि ''हम कारपेंटर,आर0सी0सी0, इलेक्ट्रिशियन,पलम्बर,फीटर, वेल्डर, ड्राइविंग, ए0सी0 टेक्नीशियन आदि क्षेत्रों में रोजगार हेतू वीजा उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर हाफिज अली हसन,सहजादे सिद्दिकी, निजाम राइन,असगर अली,अतहर अली, जाफर अली, अफरोज,सैय्यद कमरूदीन अशरफी,ताहिर अली, सूरज खान,साहेब अली, अबरेज, ग्यासुदीन,मो0 अनीस अन्सारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# न्याय के लिए दर-दर भटक रही पीड़िता

संवाददाता



महराजगंज/पनियरा । महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के पनियरा खास निवासिनी जीनत खातून पत्नी मोहम्मद आलम की शादी 2014 में हुई थी ! और निकाह के 1 वर्ष बाद से ही उसके पति ,सास ,ससुर ,ननद, और देवर दहेज की और मांग करते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे ! जिससे आजिज आकर प्रार्थिनी जीनत अपने मायके चली गई और प्राथिनी का एक बच्चा भी है जो अब 6 साल का हो चुका है ! जिसका अयान नाम है ! जीनत का पति मुहम्मद आलम विदेश में रहकर कमाई करता है ! और बीते 11 फरवरी को बगैर आपसी सहमति के और तलाक के दूसरी शादी कर लिया है ! जिसकी सूचना पनियरा पुलिस को दी गयी पर अब तक पनियरा पुलिस द्वारा इस मामले में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है ! गौरतलब है कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें तीन तलाक कानून का डंका तो पीटती हैं पर धरातल पर इसका क्या असर है आप इस मामले को लेकर स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं ! कि जबरदस्ती दूसरी शादी कर ली जा रही है और शासन प्रशासन मौन बना बैठा है ! ऐसे में कानून बना देने भर से सभी को न्याय नहीं मिल पाएगा बल्कि उसका अक्षरशः पालन होना आवश्यक है ! जोकि इस मामले को देखकर ऐसा लगता है कि इस कानून का लाभ बहुत से लोग नही उठा पा रहे हैं ! ऐसे में एक बड़ा सवाल उठता है कि आखिर यह कैसे सम्भव हुआ कि एक पत्नी को बिना तलाक दिये दूसरी शादी कैसे हो सकी, क्या दूसरी शादी करने और कराने वाले को तीन तलाक कानून का कोई भी डर भय नही है या फिर इस मामले मे कुछ और ही हकीकत है यह तो समय बतायेगा !

# शहर में चलाया पुलिस ने चैकिंग अभियान, वाहनों के साथ किए चैक प्रतिष्ठान

संवाददाता



हाथरस । सासनी- 23 फरवरी पुलिस कप्तान विनीत जायसवाल के आदेशानुसार कोतवाली पुलिस ने कस्बा में तथा आस-पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चैकिंग अभियान चलाया। जिसमें पुलिस ने विभिन्न प्रतिष्ठानों को भी चैक किया और लोगों को अपराधियों के प्रति नजर रखते हुए उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया । बुधवार को कोतवाली पुलिस ने एसएचओ सतेन्द्र सिंह राघव तथा एसएसआई कृतपाल सिंह एवं कस्बा इंचार्ज सतीश कुमार तथा मय पुलिसफोर्स के साथ वित्तीय स्थानों को सुरक्षार्थ चैक किया। जिसमें बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा अन्य वित्तीय संस्थानों के अलावा दो और चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समस्त अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही एवं शांति कानून व्यवस्था पर बल दिया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की बैरियर लगाकर चैकिंग की गयी । जिसमें तेज रफ्तार मोटरसाईकिल सवार व्यक्तियों, मोटरसाईकिल सवार नवयुवक, बिना नम्बर प्लेट वाहन, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों को चैक कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गयी । वहीं पुलिस कप्तान द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चैकिंग के दौरान अकारण किसी को परेशान नहीं कि गया और बुजुर्गो, महिलाओं आदि को अनावश्यक नहीं रोका गया। पुलिस ने वाहन चैकिंग तथा वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। अभियान में वाहन चलाने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट चलने वाले, चार पहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट यात्रा करने वाले व्यक्तियों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया एवं लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया । तथा कोविड महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत लोगों से अपील की जा रही है कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु घर से निकलते समय मास्क का प्रयोग करें आपस में दो गज की दूरी बनाये रखे, हाथों को नियमित रूप से साबुन, हैण्डवास, सैनेटाईजर से साफ करते रहे एवं रात्रि कोरोना कर्फ्यू एवं कोविड गाइडलाइन का पालन करने हेतु प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं नें परिसर को किया स्वच्छ

संवाददाता



बलरामपुर, एमएलके पीजी कॉलेज के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 23 फरवरी 2022 को महाविद्यालय परिसर, शिव मंदिर,टीचर्स कॉलोनी आदि में स्वच्छता अभियान चलाया गया।चारों यूनिट के स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने इस अभियान में सहभागिता की और उक्त परिसरों को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाया। स्वच्छता अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्ताहिक कार्यक्रम है जो राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों डॉ राजीव रंजन ,डॉ आशीष कुमार लाल ,डॉ राम रहीस, डॉक्टर आलोक शुक्ला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न किया जाता है।बलरामपुर नगर और आसपास के मलिन बस्तियों को स्वच्छ और वहां के लोगों को स्वस्थ रखने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का सामान्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवक /स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक किया जाता है।

# भाजपा पार्टी नहीं परिवार, अन्य दलों में परिवार ही पार्टी: राधा मोहन सिंह

संवाददाता



बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह का बलरामपुर भाजपा कार्यालय अटल भवन आगमन पर स्वागत किया गया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर जिला चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक कर जनपद में 3 मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर विचार विमर्श करते हुए आगे की योजना तैयार की । भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक में जिला सह प्रभारी शंकर दयाल पांडे,सांसद अहमदाबाद हसमुख भाई पटेल,प्रवासी प्रमुख दिनेश मकवाना,अपना दल अध्यक्ष शिव कुमार पटेल,जिला महामंत्री,जिला चुनाव संचालन समिति सदस्य,प्रावासी कार्यकर्ता,विस्तारक,विधानसभा संयोंजक,विधानसभा प्रभारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी उत्तर प्रदेश राधा मोहन सिंह,राज्यमंत्री पल्टूराम,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने राजाराम गौतम पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ने सपा छोड़कर रणवीर सिंह रन्नू अध्यक्ष सहकारी गन्ना विकास समिति बलरामपुर,राजू मौर्या,पंकज पांडे,राजू गुप्ता सपा सहित अन्य दलों के लोगों को पार्टी में शामिल कराया । आगामी चुनाव के दृष्टिक बैठक में राधा मोहन सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में किये गए सभी वादों को पूरा करके दिखाया है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गुंडाराज भ्रष्टाचार मुक्त शाशन दिया गया है अपराधियों व माफियाओं पर करारा प्रहार किया गया है महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान के साथ स्वाबलंबी बनाया गया है आशा बहुओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है प्रदेश में निवेशकों का आना जारी है जिससे रोजगार के अवसर बढ़े है उत्तर प्रदेश में 14 करोड़ 55 लाख लोगों को डबल राशन मिल रहा है गन्ना किसानों को अशिकतं भुगतान किया गया है पूर्व की सरकारों का बकाया भी दिया गया है किसान सम्मान निधि के तहत 2.54 करोड़ किसानों के खाते में अब तक 1.58 लाख करोड़ की राशि दी जा चुकी है शिक्षा के क्षेत्र,उद्योग धंधे या सड़क बिजली पानी हर घर जल जैसी मूलभूत आवयश्कताओ के मामले में अपना प्रदेश पिछले पांच वर्षों में बहुत आगे जा चुका हे भाजपा सरकार ने युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी सेवा में पांच लाख नोकरियों दी है एवं कई लाख युवाओं को संविदा पर नौकरी दी गयी है श्रमिको के लिए विशेष कार्य किये गए अयोध्या से लेकर काशी तक मथुरा से मिर्ज़ापुर विंध्याचल तक सरकार के संस्कृतिक कार्यो की झलक पूरी दुनिया देख रही है आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है सपा के शासन काल में अपराध और अपराधी दोनो फलते और फूलते हैं जिसका, सीधा खामियाज़ा हमारी महिलाओ को भुगतना पड़ता है योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की गई है । उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है आप सभी महत्वपूर्ण लोग यहाँ उपस्थित हैं चुनाव में एकजुट होकर अच्छा करके दिखायेंगे ये भरोसा है

# अफीक और मेहदी का अर्धशतक

## बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 4 विकेट से हराया

चटगांव । अफीफ हुसैन (नाबाद 93) और मेहदी हसन (नाबाद 81) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच 7वें विकेट के लिए 174 रन की मैच विजयी अविजित साझेदारी की बदौलत बांग्लादेश ने हैरतअंगेज वापसी करते हुए अफगानिस्तान को पहले वनडे में बुधवार को 7 गेंद शेष रहते 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।



अफगानिस्तान की टीम 49.1 ओवर में 215 रन पर सिमट गई और उसने बांग्लादेश के 6 विकेट 11.2 ओवर तक 45 रन पर गिरा दिए। इस समय अफगानिस्तान की हार तय नजर आ रही थी। लेकिन अफीफ और मेहदी ने इसके बाद बांग्लादेश की जबरदस्त वापसी कराई।

अफगानिस्तान फिर कोई और विकेट नहीं निकाल पाया और उसे सनसनीखेज हार का सामना करना पड़ा। अफीफ ने नाबाद 93 रनों के लिए 115 गेंदों खेली और अपनी मैच विजयी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया जबकि मेहदी हसन ने 120 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से 81 रन बनाए। मेहदी हसन को अपनी पारी और 10 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 28 रनों की सटीक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# भविष्य के कप्तान तैयार कर रहे हैं रोहित शर्मा, कहा- हमें भी किसी ने तैयार किया था



लखनऊ । क्रिकेट के तीनों प्रारूप के लिए भारतीय कप्तान नियुक्त किए गए रोहित शर्मा ने भविष्य के कप्तान तैयार करने की जिम्मेदारी के बारे में कहा कि उन्हें भी किसी ने तैयार किया है और उन्हें भी अपना उत्तराधिकारी तैयार करने की स्वभाविक प्रक्रिया का अनुसरण करने में खुशी होगी। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज को हाल में टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तथा उन्होंने सभी प्रारूपों में अपनी उपलब्धता को लेकर व्यक्त किए जा रहे संदेह को दरकिनार करते हुए कहा कि वह सभी मैचों में खेलेंगे।

उन्हें उम्मीद है कि भविष्य के तीन संभावित कप्तान केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत नेतृत्वकर्ता के रूप में अच्छी तरह से तैयार होंगे और उन्होंने इसमें अपनी भूमिका के बारे में बात की। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला पर कहा कि मेरी भूमिका उन्हें सब कुछ बताने की नहीं होगी। वे सभी परिपक्व क्रिकेटर हैं, लेकिन किसी का उनकी मदद करने और मुश्किल परिस्थितियों में उनका मार्गदर्शन करने के लिए इर्द गिर्द होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मुझे यह भूमिका निभाने में खुशी होगी और इसी तरह हम भी आगे बढ़े हैं और कप्तान बने हैं। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन वह महेंद्र सिंह धोनी थे जिनके कप्तान रहते हुए विराट कोहली और रोहित को भविष्य के कप्तान के रूप में तैयार किया गया। हमें भी किसी ने तैयार किया। यह स्वभाविक प्रक्रिया है और हर किसी को इससे गुजरना होता है और यहां भी कोई अपवाद नहीं है। यदि हम बुमराह, राहुल, पंत की बात करें तो इन खिलाड़ियों को भारत की सफलता में अहम भूमिका निभानी है और इसके साथ ही उन्हें भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में भी देखा जाएगा।

श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में रोहित के साथ बुमराह उप कप्तान होंगे। पंत को आराम दिया गया है और राहुल चोटिल हैं। एक तेज गेंदबाज के उप कप्तान होने पर रोहित ने कहा कि यह वास्तव में बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता कि वह बल्लेबाज है या गेंदबाज। एक खिलाड़ी का क्रिकेट ज्ञान मायने रखता है और मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह का दिमाग बहुत तेज चलता है। मैंने इसे करीब से देखा है। यह नेतृत्व की भूमिका में उतरने के लिये उसके पास अच्छा मौका है और मुझे विश्वास है कि वह अपने खेल को अगले स्तर तक ले जाएगा।

## वर्ल्ड नम्बर 3 एलेक्सांद्र ज्वेरेव को मैक्सिको ओपन से बाहर किया गया

अकापुल्को (मैक्सिको)। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्सांद्र ज्वेरेव को युगल मुकाबला गंवाने के बाद अंपायर की चेयर (कुर्सी) पर नाराजगी में रैकेट मारने के कारण मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया। अकापुल्को में मंगलवार रात लॉयड ग्लासपूल और हैरी हेलियोवारा ने ज्वेरेव और मार्सेलो मेलो को 6-2, 4-6, 10-6 से हराया जिसके बाद यह घटना हुई।



ज्वेरेव ने तीन बार अंपायर की चेयर पर प्रहार किया, कुछ देर के लिए बैठे, फिर उठे और अंपायर पर चिल्लाए कि तुमने पूरा मैच खराब कर दिया। अंपायर इसके बाद जब चेयर से उतरने लगे तो ज्वेरेव ने एक बार फिर प्रहार किया। चोट लगने के डर से अंपायर को इस दौरान एक बार पीछे भी हटना पड़ा। इससे कुछ मिनट पहले 'इन माने गए एक शॉट के विरोध में चिल्लाने और अपशब्दों के इस्तेमाल के लिए ज्वेरेव पर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगे थे। इस अंक को गंवाने से विरोधी टीम को मैच प्वाइंट मिला और ग्लासपूल ने ऐस के साथ अपनी जोड़ी को जीत दिला दी।

एटीपी ने बुधवार को ट्विटर पर लिखा, 'मंगलवार रात युगल मुकाबले के खत्म होने के बाद खेल भावना के विपरीत आचरण के कारण एलेक्सांद्रा ज्वेरेव को अकापुल्को में टूर्नामेंट से हटा दिया गया है।% जर्मनी का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी एकल में गत चैंपियन है। एटीपी वेबसाइट के अनुसार एकल में ज्वेरेव के दूसरे दौर के प्रतिद्वंद्वी पीटर गोजोविक को वाकओवर दिया गया है। दर्शकों की हूटिंग के बाद ज्वेरेव ने अपना टूटा हुआ रैकेट पहली पंक्ति में बैठे एक बच्चे को दे दिया।

## भुवनेश्वर में एथलेटिक्स HPC भविष्य में 'चैम्पियनों का हब' बन सकता है : नवीन पटनायक

भुवनेश्वर । ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का मानना है कि एथलेटिक्स हाई परफोरमेंस सेंटर (एचपीसी) आगामी वर्षों में 'चैम्पियनों का हब बन सकता है जिसका परिचालन 2019 से शुरू हो चुका है। पटनायक ने कलिंग स्टेडियम के अपने दौरे के दौरान एचपीसी के खिलाड़ियों से भी बात की। वह भारत के पहले उत्कृष्टता इंडोर ट्रैक के लिये चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति के मुआयने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि इंडोर सुविधा ''भारत में एथलेटिक्स के विकास को काफी बढ़ावा देगी और आगामी वर्षों में चैम्पियनों को तैयार करने का 'हब (केंद्र) बन जाएगी।

## मेदवेदेव और नडाल मैक्सिको ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

अकापुल्को (मैक्सिको) । डेनियल मेदवेदेव ने मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बेनोइट पायर को 6-3, 6-4 से हराकर दूसरे दौर प्रवेश करने के साथ नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की अपनी कवायद जारी रखी। यह 26 वर्षीय रूसी खिलाड़ी यदि यहां खिताब जीतने में सफल रहता है तो वह नोवाक जोकोविच को हटाकर शीर्ष पर काबिज हो जाएगा। पिछले साल यूएस ओपन के विजेता और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे मेदवेदेव पहली बार मैक्सिको में खेल रहे हैं।



मेदवेदेव अगर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं या फाइनल में पहुंचते हैं और जोकोविच दुबई में नहीं जीत पाते हैं तो फिर वह 2004 के बाद नंबर एक पर पहुंचने वाले पांचवें खिलाड़ी बन जाएंगे। पिछले 18 वर्षों में जोकोविच, रोजर फेडरर, राफेल नडाल और एंडी मर्रे ही शीर्ष पर पहुंचे हैं। मैक्सिको में मेदवेदेव के लिए बड़ी चुनौती नडाल होंगे जिन्होंने डेनिस कुडला पर 6-3, 6-2 की जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। अकापुल्को (2005, 2013 और 2020) में तीन खिताब जीतने वाले नडाल का अगला मुकाबला स्टीफन कोज़लोव से होगा।

मेदवेदेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने के बाद पहली बार यहां सेमीफाइनल में नडाल से भिड़ सकते हैं। अन्य मैचों में स्टेफनोस सिटसिपास ने लास्लो जेरे को 7-6(7), 7-6(4) से पराजित किया। टॉमी पॉल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मैटियो बेरेटिनी के दूसरे सेट में पेट दर्द के कारण हट जाने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि योशिहितो निशियोका ने फेलिसियानो लोपेज को 2-6, 6-0, 6-4 से हराया। कैमरून नोरी ने डेनियल अल्तमेयर को 7-6 (5), 6-2 से पराजित किया और अब उनका सामना जॉन इस्नर से होगा। जॉन मिलमैन के दूसरे सेट में हटने के कारण मार्कोस गिरोन भी आगे बढ़ने में सफल रहे।

## हॉकी के लिए SAI के राष्ट्रीय चयन ट्रायल 2 मार्च से शुरू

**श्रेयस मनोरम**

नई दिल्ली। हॉकी खिलाड़ियों के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के खुले चयन ट्रायल दो मार्च से साइ के विभिन्न राष्ट्रीय सेंटर आफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में शुरू होंगे। चयन ट्रायल का आयोजन देश में विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा जहां 14 से 24 साल की उम्र के लड़के और लड़कियां हिस्सा ले सकते हैं। साइ ने बुधवार को यह जानकारी दी। ट्रायल का आयोजन तीन दिन किया जाएगा जिस दौरान चयनकर्ता विभिन्न परीक्षण के जरिए संभावित खिलाड़ियों की फिटनेस और कौशल को परखेंगे।



शुरुआती ट्रायल का आयोजन दो मई को साइ के औरंगाबाद एनसीओई में होगा जिसके बाद अन्य केंद्रों पर भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। कोलकाता में महिलाओं के ट्रायल सात से नौ मार्च, मुंबई में 11 से 13 मार्च, पटियाला तीन से पांच मार्च, लखनऊ में तीन से पांच मार्च और इम्फाल में सात से 9 मार्च को होंगे। पुरुषों के ट्रायल सोनीपत में 15 से 17 मार्च, लखनऊ में सात से 9 मार्च, औरंगाबाद में दो से चार मार्च और इम्फाल में 10 से 12 मार्च को होंगे। चयन के लिए पात्रता इस प्रकार हैंः मान्यता प्राप्त हॉकी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो, हॉकी इंडिया की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक, हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व, राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व, खेल इंडिया युवा एवं विश्वविद्यालय खेलों में प्रतिनिधित्व, अखिल भारतीय और अंतर विश्व विद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व, राज्य हॉकी चैंपियनशिप में पदक और राज्य हॉकी चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व। साइ ने कहा कि आयु पात्रता के बावजूद प्रतिभा पहचान और विकास समिति के सदस्यों की सिफारिश पर प्रतिभावान खिलाड़ियों को शामिल करने पर विचार किया जा सकता है।

## यह छह पैरा खिलाड़ी 'टॉप्स' के कोर ग्रुप में शामिल

नई दिल्ली । इस साल होने वाली कई बड़ी प्रतियोगिताओं और 2024 के पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए बुधवार को छह पैरा खिलाड़ियों को खेल मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के 'कोर ग्रुप में शामिल किया गया। जिन खिलाड़ियों को कोर ग्रुप में जगह मिली है उनमें एकता भयन, नीरज यादव, निमिषा सी सुरेश और राधा वेंकटेश (पैरा एथलेटिक्स), प्राची यादव (पैरा डोंगीचालन) और परमजीत कुमार (पैरा पावरलिफ्टिंग) शामिल हैं। यह फैसला खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक में लिया गया। इस बैठक में पूर्व फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया, लंबी कूद की एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज और बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुर्गंडे सहित विभिन्न महासंघों के प्रतिनिधियों और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने हिस्सा लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक संदीप प्रधान ने बैठक की अध्यक्षता की। मंत्रालय ने कहा कि एमओसी ने ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु के मार्च और अप्रैल में जर्मन ओपन, ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, स्विस ओपन और कोरियाई ओपन के दौरान अपने फिटनेस ट्रेनर श्रीकांत की यात्रा और ठहरने का खर्च वहन करने के आग्रह को भी स्वीकार कर लिया है।

## कोहली ने युवराज का किया धन्यवाद, कहा- कैंसर से आपकी वापसी लोगों के लिए हमेशा प्रेरणा होगी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह से गिफ्ट में गोल्डन बूक मिलने के बाद युवराज का धन्यवाद किया और कहा कि वह न कि केवल क्रिकेट बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।कोहली ने सोशल मीडिया पर युवराज के पत्र की एक तस्वीर पोस्ट शेयर करते हुए ये बात कही।



कोहली ने सोशल मीडिया पर युवराज से मिले गोल्डन जूते और उनके साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, युवी पा इस प्यार के लिए धन्यवाद। कैंसर से आपकी वापसी हमेशा क्रिकेट ही नहीं, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए एक प्रेरणा होगी। आप हमेशा उदार रहे हैं और अपने आसपास के लोगों की देखभाल करते हैं। मैं आपके लिए सभी खुशियों की कामना करता हूं, भगवान भला करे।

दोनों बल्लेबाजों ने अपनी प्रभावशाली मैच जिताऊ साझेदारियों से भारतीय टीम को कई मौकों पर जीत दिलाई। जनवरी में युवराज की पत्नी हेजल कीच ने बेटे को जन्म दिया था। युवराज को माता-पिता के रूप में उनकी नई यात्रा पर बधाई देते हुए, बल्लेबाजी के दिग्गज कोहली ने कहा, अब हम दोनों माता-पिता हैं और जानते हैं कि यह कैसा आशीर्वाद है। मैं इस नई यात्रा में आप सभी की खुशियों, खूबसूरत यादों और आशीर्वाद की कामना करता हूं। पत्र में युवराज ने अनुशासन के लिए कोहली की सराहना की थी जो भविष्य की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का काम करता है।

## भारतीय टीम की चुनौती के लिए श्रीलंकाई कप्तान शनाका तैयार, दिया यह बयान

लखनऊ। आस्ट्रेलिया में बल्लेबाजों के प्रदर्शन से निराश श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका चाहते हैं कि भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही तीन मैच



की श्रृंखला में उनका शीर्ष क्रम अपने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता दिखाए। आस्ट्रेलिया में श्रीलंका को 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी। श्रृंखला का नतीजा सब कुछ बयां नहीं करता क्योंकि श्रीलंका ने मेजबान टीम को पांच मैच की श्रृंखला में अच्छी टक्कर दी। इस साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका को परिस्थितयों और संयोजन को जानने का भी मौका मिला।

श्रीलंका का शीर्ष क्रम हालांकि आस्ट्रेलिया में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया। शनाका ने भारत के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले पर कहा कि हम चाहते हैं कि शीर्ष क्रम अच्छा प्रदर्शन करे। जब भी शीर्ष क्रम रन बनाता है तो हमारे जीतने की संभावना बेहतर होती है। भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है और हमें अपने शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है जिससे कि हमारे गेंदबाजों को रनों का बचाव करने का मौका मिलेगा।

आस्ट्रेलिया में कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण स्टार स्पिनर वानिंदु हसारंगा इस श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। कप्तान ने कहा कि टीम को उनकी कमी खलेगी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि युवा खिलाड़ी इस मौके का फायदा उठाएंगे। युवा खिलाड़ी पिछले कुछ समय से प्रणाली का हिस्सा हैं, उन्होंने घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन किया है। कोविड स्थिति के कारण ये चीजें सामान्य हैं। सभी टीम को इसका सामना करना पड़ रहा है। वानिंदु जल्द ही वापसी करेगा। अब भी हमारी टीम पर्याप्त मजबूत है।

# सैमसन की प्रतिभा का अधिकतम उपयोग करना चाहते हैं रोहित

लखनऊ। इस लड़के में प्रतिभा तो है बॉस...मेरा मतलब है कि जब भी हमने इस लड़के को बल्लेबाज़ी करते देखा है, वह एक ऐसी पारी खेलते हैं, जिसे देखने के बाद लोग एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं। इस लड़के के पास सफल होने का हुनर है।% 10 साल पहले आपने कितनी बार रोहित शर्मा के संदर्भ में इस वाक्यांश को सुना है? यह कोई पंडित या प्रशंसक या कप्तान हो सकता है, जो रोहित के बारे में ऐसा कह रहा हो।



भले ही तब तक रोहित ने अपनी प्रतिभा को शीर्ष स्तर के परिणामों में तब्दील नहीं किया था।इस बात को इतनी बार कहा गया था और उस हद तक कहा गया था कि रोहित को प्रतिभा शब्द से नफरत होने लगी थी। हालांकि अब वर्ष 2022 का समय है और हम देख रहे हैं कि रोहित अपनी प्रतिभा को रनों में बदल रहे हैं। साथ ही स्वतः रोहित किसी खिलाड़ी के बारे में ये सारी बातें कर रहे हैं। ऐसे में उस खिलाड़ी के बारे में आपको ज़रूर संज्ञान लेना चाहिए।

संजू सैमसन को भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का एहसास करने का और पहचानने का एक और मौका दिया है। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज़ की पूर्व संध्या पर रोहित ने बुधवार को कहा, वह बैकफुट पर काफी मजबूत हैं और उसके प्रयोग से कुछ शानदार शॉट लगाते हैं। कुछ शॉट्स जो आपने आईपीएल में देखे होंगे, पिक-अप पुल, कट शॉट, खड़े होकर गेंदबाज के सिर के ऊपर से गेंद को सीमा रेखा के बाहर पहुंचाना। इस तरह के शॉट खेलना आसान नहीं होता।

मेरा मानना है कि जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं (जहां अगला टी20 विश्व कप है) तो आपको उस तरह की शॉट बनाने की क्षमता की जरूरत होती है। सैमसन निश्चित रूप से एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो ऐसे शॉट्स खेल सकते हैं। मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वह अपनी क्षमता का अधिकतम उपयोग करेंगे। सैमसन ने छह साल की अवधि में भारत के लिए 10 टी20 और एक वनडे खेला है। उन्होंने इनमें से चार मैच उन्होंने तब खेला था, जब दूसरे दर्जे की भारतीय टीम पिछले साल श्रीलंका गई हुई थी। 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका सर्वोच्च स्कोर 46 है।

घरेलू स्तर पर वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में रोहित के जैसे बल्लेबाज नहीं हैं, लेकिन वह टी 20 क्रिकेट में अलग स्तर के खिलाड़ी हैं। उन्हें जब भी टी20 क्रिकेट में खेलने का मौका मिलता है, वह दिखा देते हैं कि उनके पास टी20 क्रिकेट में कुछ अलग और उच्च स्तर के प्रदर्शन करने का कौशल है। इसी कारणवश सैमसन के पास दिखाने कि लिए भले संख्या (रन) नहीं है, फिर भी उनकी तुलना अच्छे बल्लेबाज़ों में की जाती है। रोहित ने कहा, इस खेल हकीकत यही है। बहुत से लोगों के पास कौशल है, बहुत से लोगों के पास प्रतिभा है। हालांकि ज़्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आप उस प्रतिभा का उपयोग करते कैसे करते हैं।

मुझे लगता है कि अब संजू को यह समझना है कि वह प्रतिभा का उपयोग कैसे करना चाहता है और वह कैसे इसका अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।

क्योंकि एक टीम के रूप में, एक टीम प्रबंधन के रूप में, हम संजू में बहुत अधिक क्षमता देखते हैं, उनमें बहुत सारी प्रतिभा है। हम जानते हैं कि उस खिलाड़ी में टीम को जीत दिलाने की क्षमता है।

## नंदिनी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर सुनिश्चित किया पदक



सोफिया । युवा मुक्केबाज नंदिनी ने 73वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए पहला पदक पक्का कर लिया है। नंदिनी ने यहां बुधवार को महिलाओं के 81 से से अधिक किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की वेलेरिया एक्सेनोवा पर आसान जीत दर्ज की। नंदिनी ने शुरुआत से ही वेलेरिया पर दबदबा बनाया। उनके सटीक और शक्तिशाली पंचों ने तीसरे दौर में वेलेरिया को हिला कर रख दिया। परिणामस्वरूप नंदिनी को विजेता घोषित कर दिया गया।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन नंदिनी ने अब टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश करके भारत के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है, जहां वह कजाकिस्तान की अन्य मुक्केबाज, पूर्व विश्व चैंपियन एवं 2021 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता लज्जत कुंगेइबायेवा से भिड़ेंगी। इस बीच मौजूदा युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी और परवीन ने भी मंगलवार देर रात को अपने-अपने शुरुआती दौर के मुकाबलों में 5-0 की प्रभावशाली जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अरुंधति ने जहां 70 किग्रा में इटली की मेलिसा जेमिनी को मात दी, वहीं परवीन ने 63 किग्रा में कजाकिस्तान की आइदा अबीकेयेवा को धूल चटाई, हालांकि सचिन कुमार (80 किग्रा) और रोहित मोर (57 किग्रा) और तीन महिला मुक्केबाज मीना रानी (60 किग्रा), अंजलि तुशीर (66 किग्रा) और स्वीटी (75 किग्रा) अपने-अपने मुकाबलों में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

यूरोप के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के चौथे दिन गुरुवार को अनामिका (50 किग्रा) पदक हासिल करने की कोशिश करेंगी, जब वह क्वार्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगे, जबकि सुमित (75 किग्रा) दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि सात पुरुष और 10 महिला मुक्केबाजों वाला 17 सदस्यीय भारतीय दल टूर्नामेंट में भाग ले रहा है।